वर्ष 24, अंक 273, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 12 अप्रैल 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बंगाल में भय का माहौल- पीएम

## ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी, कहा- हिंसा करने वालों पर होगा एक्शन

**पश्चिम बंगाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ व कल्याणकारी मुद्दों पर बीजेपी का रुख स्पष्ट करते हुए वादा किया कि सत्ता में आने पर मतुआ और नामशूद्र शरणार्थी परिवारों को नागरिकता देने की प्रक्रिया तेज की जाएगी.

पूर्व बर्धमान जिले के कटवा में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी ने शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) लागू किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस उन लोगों में भय फैलाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा, ह्लमैं मतुआ और नामशूद्र शरणार्थी परिवारों को बताना चाहता हूं कि वे देश के संविधान के संरक्षण में हैं. उन्होंने कहा कि मोदी ने सीएए कानून इसलिए बनाया ताकि मतुआ, नामशूद्र और सभी शरणार्थियों को नागरिकता मिल सके.

घुसपैठियों को पश्चिम बंगाल छोड़ना पड़ेगा- पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा सरकार बनती है तो सीएए के तहत सभी पात्र आवेदकों को नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी. दक्षिण बंगाल के कई जिलों में फैला मतुआ समुदाय चुनावों के लिहाज से एक प्रभावशाली वर्ग माना जाता है और नागरिकता का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक रूप से संवेदनशील रहा है. पीएम मोदी ने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर हमला तेज करते हुए कहा कि बीजेपी सत्ता में आई तो घुसपैठियों को पश्चिम बंगाल छोड़ना पड़ेगा. उन्होंने कहा, ह्लअब जाने का समय आ गया है और घुसपैठियों को अपना सामान बांधना शुरू कर देना चाहिए. जो लोग घुसपैठियों की मदद कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं बख्शा जाएगा.



बंगाल में भय का माहौल- पीएम मोदी

बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 वर्षों के शासन ने बंगाल में भय का माहौल पैदा किया है. यह चुनाव तृणमूल के डर को खत्म करने के लिए है. पीएम मोदी ने तृणमूल के भय से मुक्त और बीजेपी के विश्वास से भरे पश्चिम बंगाल का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा बदलाव एक विकसित पश्चिम बंगाल के निर्माण की दिशा में पहला कदम होगा.

आलू किसानों को लेकर क्या कहा

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा, तृणमूल कांग्रेस की निर्मम सरकार के भ्रष्टाचार पर श्वेतपत्र जारी करेगी. तृणमूल की निर्मम सरकार की नीतियों ने पश्चिम बंगाल में आलू किसानों का भविष्य बर्बाद कर दिया. उन्होंने कहा, हम पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे. महिला मतदाताओं से भाजपा के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, जहां-जहां महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया है, वहां-वहां भाजपा ने जबरदस्त जीत दर्ज की है.

कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना लागू की जाएगी. बता दें कि पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव 2 चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे. मतगणना 4 मई को की जाएगी।

## स्टालिन परिवार चला रहा है माफिया राज

**चेन्नई**

**केंद्रीय** मंत्री और भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने 11 अप्रैल को चेन्नई में भाजपा के एक मीडिया केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे भाजपा और मीडिया पेशेवरों के बीच एक सेतु बताया, जिसका उद्देश्य पार्टी और मीडिया के बीच संवाद को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र आधुनिक सुविधाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी से सुसज्जित है और मीडिया की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है। यह केंद्र सीधे सामग्री अपलोड और प्रसारित करने के साथ-साथ साक्षात्कार और संवाद की सुविधा भी प्रदान करता है।

गोयल ने केंद्र के शुभारंभ के समय पर जोर देते हुए कहा कि यह चुनावों के बीच विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन भविष्य में भी मीडिया पेशेवरों के लिए उपयोगी रहेगा। भाजपा आगामी चुनावी दौर से पहले तमिलनाडु में संगठनात्मक और जनसंपर्क प्रयासों को तेज कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य संचार और मीडिया सहभागिता को बढ़ाना है। इससे पहले, 9 अप्रैल को गोयल ने तमिलनाडु चुनावों से पहले साईबाबा कॉलोनी में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष और कोयंबटूर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की उम्मीदवार वनथी श्रीनिवासन के समर्थन में एक रोड शो किया।



## अब सीधे एलजी तक पहुंचेगी दिल्ली के लोगों की शिकायत

**नई दिल्ली**

**राजधानी** के लोगों के लिए अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के शीर्ष तक पहुंचाने का रास्ता आसान हो गया है. दिल्ली के नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने एक अहम पहल करते हुए नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. अब लोग अपनी शिकायतें बिना किसी मध्यस्थ के सीधे एलजी कार्यालय तक पहुंचा सकेंगे।

## 'जनता की योजनाएं बंद कर रही सरकार'

### ज्योतिबा फुले जयंती पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत का भजनलाल सरकार



**राजस्थान**

**समाज** सुधारक ज्योतिबा राव फुले की 200वीं जयंती के मौके पर राजस्थान की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है. जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की मौजूदा भजनलाल शर्मा सरकार पर सीधा निशाना साधा है.

गहलोत ने कहा कि महात्मा फुले ने समाज से भेदभाव मिटाने के लिए पूरी जिंदगी काम किया. लेकिन आज की सरकार उसी भावना के खिलाफ काम कर रही है. उनका आरोप है कि बीजेपी सरकार समाज में बराबरी की बजाय फर्क बढ़ाने वाली नीतियां अपना रही है.

योजनाओं को बंद करने पर नाराजगी

पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के दौरान शुरू की गई कई जनकल्याणकारी योजनाओं को मौजूदा सरकार ने बंद कर दिया है. गहलोत के मुताबिक, ये योजनाएं आम लोगों के लिए बेहद जरूरी थीं और इन्हें बंद करना जनता के हित के खिलाफ है. पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि खुद पीएम ने पहले इन योजनाओं की तारीफ की थी. साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार बदलने के बाद भी इन योजनाओं को जारी रखा जाएगा. ऐसे में अब प्रधानमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

## 50 हजार की इनामी ड्रग्स सरगना कुसुम गिरफ्तार, कई राज्यों में फैला था नेटवर्क

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात सरगना कुसुम को गिरफ्तार कर लिया है. कुसुम पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रही थी. पुलिस के मुताबिक, वह एक बड़े और संगठित ड्रग सिंडिकेट की अहम कड़ी थी, जिसका नेटवर्क दिल्ली समेत कई राज्यों में फैला हुआ था.

दो महीने चला ऑपरेशन, 200 CCTV खंगाले

पुलिस ने बताया कि कुसुम को पकड़ने के लिए करीब दो महीने तक लगातार ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान टीम ने 200 से ज्यादा उउळश फुटेज खंगाले और 100 से अधिक मोबाइल फोन रिकॉर्ड की जांच की. दिल्ली के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कई जगह दबिश दी गई, तब जाकर पुलिस को उसकी लोकेशन के बारे में पुख्ता जानकारी मिली. 9 अप्रैल को पुलिस को कुसुम के ठिकाने की सटीक सूचना मिली।

## हाथों-हाथ मिला हक- सीएम योगी ने लाभार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र और आवास की चाबियां

**उत्तर प्रदेश**

चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने थारू जनजाति के परिवारों व पूर्वी उत्तर प्रदेश से आकर बसे परिवारों को भौमिक अधिकार पत्र प्रदान किए.

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न लाभार्थियों को भी अपने हाथ से नियुक्ति पत्र, आवास की चाबी और चेक सौंपकर उन्हें सम्मानित किए.



इस कार्यक्रम में मुखमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों भौमिक अधिकार पत्र प्राप्त करने वालों में बालकृष्ण, रामखेलावन, भज्जीराम, रामनरेश और रामकुमार शामिल रहे. इस दौरान वहां मौजूद लाभार्थियों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी थी.

योजनाओं के तहत नियुक्ति और आवास वितरण

आंगनवाड़ी भर्ती के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊषा देवी (ध्यानपुर), संध्या कुमारी (पुरैना) तथा मीना कुमारी (सूरमा) को नियुक्ति पत्र सौंपे. वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ध्यानपुर की बल्लू देवी, शीतल और बेबी को उनके अपने नए घरों की चाबीयां सौंपी गई।

## सीएम योगी ने बदला एक और नाम

### अब रविंद्र नगर के नाम से जाना जाएगा लखीमपुर खीरी का मियांपुर

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले की मोहम्मदी तहसील इलाके के मियांपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मियांपुर का नाम बदलकर रविंद्र नगर किए जाने का ऐलान किया.



अपने भाषण के दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय बसे हुए हिंदुओं को भौमिक अधिकार का दर्जा दिया है, साथ ही सरकार द्वारा दी जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा.

'पहचान छुपाने के लिए किया गया था मियांपुर'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप लोगों की पहचान छुपाने के लिए गांव का नाम मियांपुर किया गया, जहां एक भी मुसलमान नहीं वहां का नाम मियांपुर कर दिया गया. लेकिन अब इसका नाम मियांपुर नहीं रहेगा, बांग्लादेश से आए इन बंधुओं की बस्ती का नाम रविंद्र नगर होगा.

उन्होंने कहा कि इस देश को राष्ट्रगान देने वाले रविंद्र नाथ टैगोर के नाम पर अब आपकी पहचान होगी. सीएम ने ये भी कहा कि बंगाल की धरती भारत के आध्यात्म और विरासत की धरती है.

लाभार्थियों को किया अधिकार पत्र का वितरण

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को भौमिक अधिकार पत्र का मंच पर वितरण किया. इस दौरान सभा में मौजूद लोगों ने योगी-योगी के नाम के नारे लगाए।

# 2.04 करोड़ मतदाताओं का सफाया!

## 13.21% वोटर्स कम होने से कितने बदलेंगे नतीजे

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में स्पेशल इंटेनसिव रिवीजन यानी रक्क्र 27 अक्टूबर 2025 को शुरू हुआ था और 10 अप्रैल 2026 को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के साथ पूरा हो गया. कुल 166 दिन चली इस सफाई का मकसद था- फर्जी, मृत, डुप्लीकेट, शिफ्टेड और अनट्रेसेबल वोटर्स को हटाकर लिस्ट को साफ और सही बनाना. उत्तर प्रदेश जैसे सबसे बड़े राज्य में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह सफाई बहुत जरूरी थी क्योंकि पुरानी लिस्ट में लाखों नाम ऐसे थे जो वोटर लिस्ट में थे लेकिन असल में वे शिफ्ट हो चुके थे, मर चुके थे या एक से ज्यादा जगह नाम दर्ज थे. इछडर ने 1.77 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के साथ मेहनत की और करोड़ों नाम छांट दिए. एक्सप्लेनर में जानते हैं रक्क्र की अहम बातें...



सवाल 1ः यूपी में रक्क्र से पहले कितने वोटर थे, ड्राफ्ट लिस्ट में कितने बचे और कितने नाम कटे?

जवाबः रक्क्र शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर थे. 6 जनवरी 2026 को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सिर्फ 12.55 करोड़ नाम बचे. यानी शुरूआती चरण में ही 2.04 करोड़ (2,04,45,300) नाम कट गए. यह 18.7 प्रतिशत की बहुत बड़ी कटौती थी, जो देश के किसी भी बड़े राज्य में सबसे ज्यादा थी.

ब्रेकअप देखें तो 2.17 करोड़ वोटर स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके थे या माइग्रेट थे, 46.23 लाख वोटर मृत पाए गए, 25.47 लाख नाम डुप्लिकेट थे और बाकी कुछ लाख 'अनट्रेसेबल' या फॉर्म न भरने वाले थे. मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा कि ये कटौतियां इछड की घर-घर जांच, फॉर्म न लौटाने और डेटा वेरिफिकेशन से हुईं. कोई मास डिलीशन नहीं था, बल्कि सफाई थी.

सवाल 2ः क्लेम्स और ऑब्जेक्शन्स की प्रोसेस के बाद कितने नाम जोड़े गए, कितने और कटे?

जवाबः ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद 6 जनवरी से 6 मार्च 2026 तक क्लेम्स-ऑब्जेक्शन्स का समय दिया गया।

### एलजी मनोज सिन्हा बोले- प्रॉपर्टी से लेकर दस्तावेज होंगे जब्त

# जम्मू-कश्मीर में नशा तस्करों की खैर नहीं!

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर को नशा मुक्त बनाने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ड्रग तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है. जम्मू के एमए स्टेडियम में '100-दिवसीय नशा मुक्त जम्मू और कश्मीर अभियान' की शुरूआत करते हुए छ्रङ्क ने साफ कर दिया कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा.



प्रशासन ने तस्करों के नेटवर्क को आर्थिक और कानूनी रूप से पूरी तरह से खत्म करने के लिए नई 'मानक संचालन प्रक्रिया' लागू कर दी है.

तस्करों पर चौतरफा वार, रद्द होंगे अहम दस्तावेज

उपराज्यपाल ने प्रशासन की सख्त कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए बताया कि ड्रग्स के कारोबार में शामिल लोगों पर अब केवल केस दर्ज नहीं होगा, बल्कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. नशीले पदार्थों के तस्करों के पासपोर्ट, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे. उनकी सभी चल और अचल संपत्तियां जब्त की जाएंगी और बैंक खाते फ्रीज कर वित्तीय जांच शुरू होगी. बड़े तस्करों की पहचान कर उन्हें पुलिस थाना स्तर पर सार्वजनिक रूप से बेनकाब किया जाएगा, ताकि दूसरों को सबक मिल सके.

नार्को-टेररिज्मः 'पड़ोसी देश भेज रहा है जहर'

सुरक्षा के मोर्चे पर बोलते हुए छ्रङ्क सिन्हा ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने और समाज को अस्थिर करने के हथियार के रूप में किया जा रहा है. उन्होंने कहा, "एक पड़ोसी देश हमारे युवाओं को खोखला करने के लिए ड्रग्स भेज रहा है. यह सिर्फ नशा नहीं, बल्कि हमारे भविष्य के खिलाफ एक हथियार है." उन्होंने पुलिस और एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया- "निर्दोषों को परेशान न करें।

## कुनो में भारत में जन्मी चीता जेमिनी ने रचा इतिहास, जंगल में 4 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया

**नई दिल्ली**

**भारत** की चीता पुनर्वास परियोजना ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में भारतीय मूल की एक मादा चीते ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस घटना को "ऐतिहासिक क्षण" बताया और कहा कि 25 महीने की इस चीते ने जंगल में एक साल से अधिक समय बिताने के बाद शावकों को जन्म दिया है।



केंद्रीय मंत्री ने पर एक पोस्ट में कहा कि कुनो में ऐतिहासिक क्षण! कुनो राष्ट्रीय उद्यान में एक ऐतिहासिक घटना घटी है, जहां 25 महीने की भारतीय मूल की गामिनी चीता ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। यह भारत के चीता संरक्षण अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक साल से अधिक समय से जंगल में रहने के बाद, 2022 में पुनर्प्रवेश शुरू होने के बाद से यह जंगल में दर्ज किया गया पहला जन्म है, और विशेष रूप से, भारतीय मूल की मादा द्वारा जन्म का यह पहला मामला है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कुनो में वन्यजीव प्रबंधकों, पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ के निरंतर प्रयासों को दिया और इसे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए संरक्षण पहल में शामिल सभी लोगों को बधाई दी।

# संघर्षपूर्ण और कांटे की टक्कर के बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत और मंत्री मनोज के सिर बंधा ताज

चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर बार के निर्वाचन अधिकारियों का रुख रहा बेहद सख्त,सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय और इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह ने खुद ही संभाली कमान, चुनाव परिसर में चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की पैनी नजर,मेजा तहसील परिसर रहा छावनी में तब्दील

## मेजा बार एसोसिएशन चुनाव

(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)


नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और मंत्री मनोज शुक्ला


निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में शांति पूर्ण ढंग से होता मेजा बार का चुनाव


इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह की निगरानी में चप्पे चप्पे पर तैनात मेजा पुलिस के जवान व


मतदान हेतु लाइन में खड़े अधिवक्ता गण

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के चुनाव को लेकर पिछले पखवारे से चल रही सरगर्मियां शुक्रवार को भारी मतदान के साथ अपने चरम पर पहुंच गईं और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतदान प्रक्रिया भी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। इस दौरान सुबह 10 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 5 बजे तक चला जिसमें अधिवक्ताओं ने जहां काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं कुल 1290 मतदाताओं में से 1192 मत पड़ने से पूरे तहसील परिसर में दिन भर उत्साह का माहौल देखा गया। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अशांति के दृष्टिगत चप्पे चप्पे पर मेजा पुलिस बल के जवान पैनी नजर रखे मुस्तैद रहे।

उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन मेजा की नई कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के गठन हेतु बीते 10 अप्रैल को चुनाव प्रकिया करना सुनिश्चित हुआ था जिसमें अध्यक्ष पद के लिए श्रीकांत तिवारी,नरेंद्र त्रिपाठी,हरिशंकर मिश्रा और अनिल कुमार यादव मैदान में रहे,जबकि मंत्री पद के लिए संजय मिश्रा और मनोज कुमार शुक्ला आमने सामने रहे। बता दें कि मतदान के दौरान सभी प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों के साथ पूरी तरह से सक्रिय रहे। चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी और शांति ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी गण भी हर तरह से एलर्ट रहे। मेजा बार के निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय और एल्डर कमेटी के सहायक अधिकारी पंडित हीरालाल मिश्र (मधुप), मुनेश्वर मिश्र, दुर्गेश चंद्र तिवारी और बैजनाथ यादव के अलावा पूर्व अध्यक्ष देवानंद सिंह,उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय तथा पूर्व मंत्री अतुल वैभव द्विवेदी भी बेहद सतर्क रहे और इनकी देख रेख में व्यापक व्यवस्थाएं मतदान परिसर में की गई थी। अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बार के निर्वाचन अधिकारी श्री और पंडित मधुप दादा के निर्देश पर मतदान के केंद्र के बाहर और भीतर एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय एवं इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह ने खुद ही कमान संभाल रखी थी,दोनों जिम्मेदार अधिकारियों के कड़े आदेश पर परिसर में चप्पे चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही। मतदान को लेकर दिन भर अधिवक्ताओं का भारी हुजूम उमड़ा रहा। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों द्वारा अधिवक्ताओं के हित मान सम्मान और सुरक्षा के प्रति अपने घोषणा पत्र में उठाए गए मुद्दों के चलते पूर्व की तुलना में इस बार मेजा बार का चुनाव में प्रत्याशियों के बीच बेहद संघर्ष पूर्ण मुकाबला देखने को मिला। मतदान समाप्त होने के कुछ समय बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई जिसके बाद काफी देर रात तक यह प्रक्रिया चली। इस दौरान मतगणना प्रकिया से संतुष्ट न होने पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा पुनः मतगणना कराई गई जो देर रात तक चलने के बाद आधिकारिक तौर पर परिणाम घोषित किया गए जिसमें अध्यक्ष पद के सशक्त प्रत्याशी श्रीकांत तिवारी को सर्वाधिक 354 मत मिले,जबकि इनके निकटम प्रत्याशियों नरेंद्र त्रिपाठी 232,हरिशंकर मिश्र 210 और अनिल यादव को 205 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार मंत्री पद के लिए प्रबल दावेदारी कर रहे युवा चेहरा मनोज कुमार शुक्ला और संजय मिश्र के बीच हुई सीधी टक्कर और काफी कड़े एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले के बीच मनोज शुक्ला को 504 मत और संजय मिश्र को 487 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से मेजा बार निर्वाचन अधिकारी आनंद पांडेय ने आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्रीकांत तिवारी और मंत्री पद के प्रत्याशी मनोज शुक्ला को नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री निर्वाचित होने की घोषणा किया। बार के निर्वाचन अधिकारी आनंद पांडेय ने बताया कि एसोसिएशन में कुल

9 पदों के लिए कुल 25 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था जिसके मद्देनजर मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और कुल 1290 मतदाताओं में 1192 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। हालांकि इस बेहद दिलचस्प चुनाव में अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशियों के जीत की आधिकारिक घोषणा होते ही नवनिर्चित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और मंत्री मनोज शुक्ला के बेहद उत्साहित समर्थकों ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद का जोरदार नारा लगाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री माल्यार्पण कर विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए जीत की बधाई दिया।


नवनिर्वाचित मंत्री मनोज शुक्ला के मार्गदर्शक तहसील बड़े चेहरा केके त्रिपाठी और राजू पांडेय

### आइए जानते हैं अखंड भारत संदेश टीम से हुई वार्ता के क्रम में क्या कहते हैं जीते हुए प्रत्याशी,मेजा बार के निर्वाचन अधिकारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी

पूर्व के चुनावों की तुलना में 10 अप्रैल को हुए मेजा बार का चुनाव बेहद संघर्ष पूर्ण एवं चुनौती भरा रहा। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे चार प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त मुकाबला के बीच जीत हासिल करना हमारे देवा तुल्य विद्वान अधिवक्ता भाइयों अपार प्रेम और आशीर्वाद है। हमारी यह संघर्षपूर्ण जीत हमारे उन अधिवक्ता साथियों की है जिन्होंने मुझे मेजा बार के दायित्व के योग्य समझा और अपना आशीर्वाद तथा अमूल्य मत देकर हमारे सिर पर अध्यक्ष का ताज पहनाया है।

मेजा बार के चुनावी मैदान में सीधे आमने सामने उतरे मंत्री पद के दो प्रत्याशियों के बीच इस चुनाव में काफी संघर्ष पूर्ण मुकाबला और जबरदस्त कांटे की टक्कर होने बाद भी हमारे देव तुल्य सीनियर गुरुजनों और युवा अधिवक्ता भाइयों का आशीर्वाद और समर्थन मिला है। हमारी यही जीत हमारे जीवन और पेशे के मार्ग दर्शक वरिष्ठ केके त्रिपाठी,आशुतोष पांडेय (राजू पांडेय), सीनियर गुरुजनों और उन युवा साथियों के अपार स्नेह और उत्कृष्ट योगदान की जीत है।

**-नवनिर्वाचित मंत्री मनोज कुमार शुक्ला**

मेजा बार चुनाव को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निष्पक्ष पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता रही है

**-निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय**

# श्रीमद्भागवत कथा भवसागर पार होने का सरल मार्ग है : चिंता मणि शुक्ल

**करछना प्रयागराज।** श्रीमदभागवत कथा भवसागर पार होने का सरल मार्ग पण्डित चिंता मणि शुक्ला के मुखारविंद से बरदहा में चल रही श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पं चिंता मणि शुक्ला ने कृष्ण भगवान की विस्तार से कथा सुनाई। जिसमें गगार्चार्य द्वारा भगवान कृष्ण का नामकरण व उनके द्वारा बाल लिलाओं में माखन खाना,पुतना राक्षसी का वध और अकासुर बकासुर जैसे राक्षसों का बध को लेकर भाव प्रसंग क्षेणा।साथ ही भगवान कृष्ण के जमुना नदी के तट पर अपने लिलाओं को विस्तार पूर्वक बताया। जिसमें जमुना नदी में निर्वस्त्र स्नान कर रही महिलाओं के वस्त्र को चुराया और उनको निर्वस्त्र स्नान ना करने की भी बात कही। और भगवान श्री कृष्ण जी के द्वारा देवराज इन्द्र का घमंड तोड़ा और गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों की रक्षा की।पं. चिंता मणि शुक्ला व्यास जी के मुख से भगवान कृष्ण के जन्म और बाल लिलाओं की विस्तार से कथा रूपी अमृत वर्षा हुई। विस्तार से वर्णन किया। श्रीमदभागवत कथा के समय विश्व कल्याण के लिए निरंतर जाप करने वाले पं. अरुण कुमार मिश्र, पं.राम कुमार पाण्डेय, पं. गौरव मिश्र, कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद मिश्र स पत्नी श्रीमदभगवद्गीता भागवत भगवान की आरती किया श्री मद भागवत कथा के संयोजक डा. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने समस्त श्रोताओं का आभार ब्यक्त किया कथा श्रवण करने वालों में सर्व श्री पं. गंगाधर मिश्र, विजय राज सिंह राजू पूर्व ब्लॉक प्रमुख, धिरेंन्द कुमार मिश्र, डा. दिनेश कुमार सोनी, सुरेश कुमार मिश्र, त्रिभुवन नाथ पाण्डेय,बृज विहारी मिश्र, भगवान दीन पटवा,नागेश पाण्डेय, मनोज कुमार मिश्र, अशोक कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार मिश्र, जनक कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार मिश्र, पंकज कुमार मिश्र,डा अजय कुमार मिश्र, गणेश कुमार मिश्र राघवेन्द्र कुमार मिश्र, विकास कुमार राम सिंह, सर्वेश कुमार, कन्हैयालाल सोनी, डा.आद्या प्रसाद पाण्डेय मलैया, पवनेश सोनी,श्रवण कुमार मिश्र, रामचंद्र ,सुरेन्द्र कुमार मिश्र, अनिल कुमार मिश्र सहित इत्यादि श्रोतागण मौजूद रहे।साथ ही आगे की कथा 12 अप्रैल को भगवान श्री कृष्ण का मथुरा गमन कंस वध और रूक्मिणी विवाह का प्रसंग होगा।

# छात्र और छात्राएं अध्ययन को नियमित बनाएं अपने जीवन का अहम हिस्सा : उपेन्द्र राय

कठौली स्थित श्री काशी प्रसाद सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के 45वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर एस भारती सम्मान से सम्मानित स्व.कैलाश गौतम स्मृति पुस्तकालय का भव्य रूप से आयोजित हुआ लोकार्पण समारोह

**समारोह के आयोजक अजीत सिंह ने उपस्थित अतिथियों का जताया आभार,कहा 45 वर्षों से लगातार कम फीस और बेहतर सुविधा के बच्चों को मुहैया करा रहे हैं उत्कृष्ट शिक्षा**

अखंड भारत संदेश



लोकार्पण समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर स्वागत अभिनन्दन करते अजित सिंह

**मेजा।** प्रयागराज जनपद के मेजारोड कठौली में स्थित श्री काशी प्रसाद सिंह इंटरमीडियेट कॉलेज में 45वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर यश भारती सम्मान से सम्मानित स्वर्गीय कैलाश गौतम स्मृति पुस्तकालय का लोकार्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, साहित्य, प्रशासन और पत्रकारिता से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपेन्द्र राय (संस्थापक एवं चेयरमैन, भारत एक्सप्रेस न्यूज) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार अनिल राय, पूर्व पीसीएस अधिकारी आशीष मिश्रा, सुधीर राय, बीके राय, राजभाषा अधिकारी मयंक द्विवेदी, कवि श्लेष गौतम तथा माटी संस्था के अध्यक्ष आशिफ आजमी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान अतिथियों द्वारा स्वर्गीय कैलाश गौतम स्मृति पुस्तकालय का विधिवत लोकार्पण किया गया तथा क्षेत्र के स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्सवपूर्ण बना रहा। मुख्य अतिथि उपेन्द्र राय ने अपने संबोधन में कहा कि संभावनाएं बहुत अधिक हैं, लेकिन लोग तलाश में निकलते ही नहीं हैं। लोगों को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। हर बड़ा आदमी किताब पढ़ने के लिए समय निकालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने और अध्ययन को जीवन का नियमित हिस्सा बनाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि बीके राय ने कहा कि यह विद्यालय ग्रामीण परिवेश में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने विद्यालय की 45 वर्षों की शैक्षिक यात्रा की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के आयोजक अजीत सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ पर मौजूद हर व्यक्ति जानता है कि इस क्षेत्र में सबसे कम फीस में पिछले 45 वर्षों से हम लोग बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार आगे भी शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस दरम्यान स्थानीय पत्रकारों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस की चौपाल में महात्मा फुले व कस्तूरबा गांधी की जयंती पर किया गया नमन



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा शनिवार को भुलई का पूरा में एक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि महात्मा फुले बचपन से ही मेधावी, दार्शनिक, महान विचारक, शिक्षाविद एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था, शोषण और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए गरीब और वंचित वर्गों को न्याय एवं सम्मान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने जनजागरण के माध्यम से लोगों को सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा शिक्षा को समाज के विकास का मूल आधार बताया। कार्यक्रम की आयोजिका जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह ने कहा कि महात्मा फुले छुआछूत, कुरीतियों, अंधविश्वास और पाखंड के प्रबल विरोधी थे। विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि महात्मा फुले के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए तथा युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पटेल ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला महासचिव सुनील पाण्डेय ने की। इस अवसर पर सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, प्रदीप कुमार पाण्डेय, रितेश पासी, हरिभान सिंह सिंगरौर, मो. शमीम, पुष्पा चौधरी, सितारा देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, खुशबू, रीता देवी, संगीता देवी, श्यामजी धुरिया, रमेश मौर्य, शिशिर गौतम, आकाश कुमार, गीता, ईश्वरावती, दुलारी देवी, मनोरमा, रेखा, लालती, सरिता, राजकुमारी, सुमन, रामकुमारी एवं सुलोचना देवी सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शंकरगढ़ में बच्चों के स्वास्थ्य की नई पहल, पीपीजीसीएल ने शुरू किया टीकाकरण केंद्र



**शंकरगढ़।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा (पीपीजीसीएल) ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने स्वास्थ्य देखभाल एवं वेलनेस केंद्र में टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र का उद्घाटन कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी हिमल तिवारी एवं सतत विकास व सीएसआर प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक पांडा, मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध एवं प्रशासन प्रमुख जावेद सलीम खान, सीएसआर प्रमुख गीतांजलि तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। यह टीकाकरण केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के सहयोग से स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को समय पर आवश्यक टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराना है। कंपनी की यह पहल बाल स्वास्थ्य को मजबूत करने और क्षेत्र में रोगों की रोकथाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। टीकाकरण केंद्र अब पूरी तरह से संचालित हो चुका है और कंपनी के कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। पीपीजीसीएल ने सभी कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।टीकाकरण कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक पीपीजीसीएल स्वास्थ्य देखभाल एवं वेलनेस केंद्र, शंकरगढ़ में होगा।पीपीजीसीएल की यह पहल सामाजिक दायित्व और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है, जो सामुदायिक कल्याण और बच्चों के सुरक्षित भविष्य को नई दिशा देगा।

### बृजकुंज अतिथि गृह जंघई में कवि सम्मेलन का आयोजन, श्रोता हुए भाव-विभोर



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अवसर पर गीतकार प्रयागराज कमलेश पांडेय कमल के संयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार को बृजकुंज अतिथि गृह जंघई में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियर घनश्याम पांडेय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, रमेश पांडेय पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा, विशिष्ट अतिथि संजय बनकटा, रवि मिश्र, रामचंद्र पांडेय, नागेंद्र सिंह, डिंपी पांडेय, सुनील मिश्र प्रधान, ब्रह्मा तिवारी, बच्चन मिश्र प्रधान, अनुरेश तिवारी, हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, विजय शंकर शुक्ल, अशोक तिवारी, सुशील पांडेय, संतोष दुबे, आशुतोष तिवारी, कुशलेश दुबे, सतीश दुबे, संतोष मिश्र, विकास यादव, महेंद्र यादव एवं कवियों में मंच संचालक अशोक बेशरम, मधुसूदन पांडेय, धनंजय शारस्वत, राजकुमार अंजाना, संध्या त्रिपाठी, योगेश चौहान, विशेष शर्मा, जय अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा माहौल रचा कि पूरा हाल तालियों की गूंजता रहा। कवियों ने ओज, वीर रस, हास्य-व्यंग्य और संवेदनशील देशभक्ति कविताओं की प्रस्तुति दी।

### संगम तट पर सफाई व्यवस्था में सुधार, श्रद्धालुओं को दिखा सकारात्मक बदलाव

**प्रयागराज।** तीर्थराज संगम क्षेत्र में इन दिनों साफ-सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आवागमन के बावजूद प्रशासन द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के प्रयास असरदार साबित हो रहे हैं।संगम तट पर पहुंचे लोगों से बातचीत में सामने आया कि पहले जहां कई स्थानों पर गंदगी की समस्या बनी रहती थी, वहीं अब स्थिति में काफी सुधार हुआ है। घाटों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई के चलते वातावरण पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ नजर आ रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की सक्रियता और सफाई कर्मियों की मेहनत के कारण यह बदलाव संभव हो पाया है। वहीं, संगम क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यहां सफाई व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि हर समय बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

# ज्योतिबा फुले जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीता दिल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** उतरांव क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज, नीमी थरिया में प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा परीक्षा आयोजित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष अशोक पुष्कर और विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थापक शंकर लाल पुष्कर तथा एसीपी बारा वेद प्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक पुष्कर ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले ने समाज में शिक्षा और समानता की जो नींव रखी, उसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक छात्रा द्वारा देवी तांडव पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित नाटक ने सभी को प्रेरित किया।

प्रतिभा परीक्षा में सृष्टि तिवारी ने प्रथम, सोनम पुष्कर ने द्वितीय, ज्योति पटेल ने तृतीय, स्वीटी कुशवाहा ने चतुर्थ और पूनम पटेल ने पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन और शिक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।

# मामूली विवाद बना खूनी वारदात : कौंधियारा गोलीकांड में 18 दिन बाद युवक की मौत, आरोपियों पर शिकंजा कसने की मांग



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के देवरा डांडी गांव में मामूली कहासुनी के बाद हुई गोलीबारी ने आखिरकार एक युवक की जान ले ली। 18 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद घायल धर्मराज आदिवासी ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे धर्मराज आदिवासी (30) का गांव के ही कुछ दबंगों से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी इतनी बढ़ी कि आरोपियों ने खुलेआम गोली चला दी, जो धर्मराज की पीठ में जा लगी। वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि गोली शरीर में फंसी रहने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। 18 दिनों तक चले इलाज के बाद शुक्रवार देर शाम उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक के साथ आक्रोश भी फैल गया है।

इस सनसनीखेज वारदात में अतुल सिंह, शुभम सिंह और एक अज्ञात आरोपी का नाम सामने आया है, जो घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश देने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी न होना सवालों के घेरे में है। मृतक चार भाइयों में एक था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, यह घटना साफ संकेत देती है कि छोटी-छोटी कहासुनियां किस तरह जानलेवा बनती जा रही हैं, जिसे रोकना प्रशासन और समाज दोनों के लिए बड़ी चुनौती है।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रज्जू भैया विश्वविद्यालय में 25 नई शैक्षणिक सुविधाओं का किया लोकार्पण

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर दिया जोर, प्रयोगशालाओं के बेहतर उपयोग की सलाह








**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में 25 नव निर्मित शैक्षणिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं और विकसित अवसंरचना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह द्वारा राज्यपाल के स्वागत से हुई। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों को भी आवश्यक बताया।

राज्यपाल ने विशेष रूप से प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। उन्होंने मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाने की जरूरत भी जताई। अभिभावकों से उन्होंने अपील की कि वे समय-समय पर विश्वविद्यालय आकर बच्चों की प्रगति का आकलन करें।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल रोजगार तक सीमित न रहें, बल्कि नवाचार, शोध और सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। ‟विद्यार्थियों का जीवन स्वयं एक प्रयोगशाला है, जहां नए विचारों का प्रयोग होना चाहिए,” उन्होंने कहा।

तकनीक और नैतिकता के संतुलन पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल क्रांति के इस दौर में मानवीय मूल्यों को बनाए रखना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ-साथ नैतिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही, ‟सेंटर ऑफ एक्सीलेंस” जैसी पहल के जरिए युवाओं को वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण देने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित देवालय में दर्शन किए तथा फामेर्सी,



विज्ञान और कृषि विभाग की नव निर्मित प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया।

कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार



प्रगति कर रहा है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकार्पित सुविधाओं में सम्मेलन कक्ष, संगोष्ठी सभागार, विभिन्न विज्ञान एवं फामेर्सी प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, डाटा सेंटर और सीसीटीवी प्रणाली सहित कई आधुनिक संसाधन शामिल हैं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मांडा समाधान दिवस औपचारिकता बना, लेखपाल अनुपस्थित रहे, फरियादी बिना शिकायत दर्ज कराए मायूस होकर लौटे



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र में अप्रैल माह के दूसरे शनिवार को आयोजित समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया। तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों और राजस्व विभाग के लेखपालों की अनुपस्थिति के कारण न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। यह समाधान दिवस मांडा थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। हालांकि, मेजा तहसील से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुआ। राजस्व निरीक्षक के अतिरिक्त कोई भी लेखपाल मौजूद नहीं था, जिससे फरियादियों की शिकायतें नहीं सुनी जा सकीं। मांडा के राजस्व निरीक्षक राज बहादुर सिंह ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सभी लेखपाल और राजस्व टीम 'फॉर्मर रजिस्ट्री' के कार्य में व्यस्त हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य 15 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिसके कारण वे समाधान दिवस में शामिल नहीं हो सके। लेखपालों की अनुपस्थिति और कार्य की जानकारी मिलने पर फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराना उचित नहीं समझा। परिणामस्वरूप, कोई भी शिकायत पत्र जमा नहीं किया गया और समाधान दिवस पर शिकायत पत्रों की संख्या शून्य रही। इस दौरान, समाधान दिवस में उपनिरीक्षक चंद पाल सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

### किशोरी का अपहरण तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक गांव निवासिनी एक महिला ने यह आरोप लगाते हुए थाने में यह तहरीर दी कि उस की 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गए (पुलिस ने तीन के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहलाता फुसलाकर कर भगा ले गए। गायब किशोरी की माता ने मऊआइमा थाना में ग्राम चंडी पट्टी निवासी शिव कुमार चौहान, ग्राम चक्रभान उर्फ चकिया निवासी अमित कुमार पटेल,उसके पिता अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोरी का पता लगाने में जुट गई है।

### रेलवे की डिजिटल सेवाओं से रूबरू हुए छात्र, 'रेल वन' एप के प्रति किया जागरूक





**जंघई।** आर.डी. मेमोरियल मॉडर्न कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, जंघई में शुक्रवार को रेलवे की ओर से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए वाणिज्य निरीक्षक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को रेलवे के नए 'रेल वन' एप की उपयोगिता और डिजिटल क्रांति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को संबोधित करते हुए वाणिज्य निरीक्षक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे अब पूरी तरह डिजिटल हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'रेल वन' एप के माध्यम से यात्री अब घर बैठे ही अपनी यात्रा को सुगम बना सकते हैं। उन्होंने एप की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके जरिए आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट आसानी से बुक किए जा सकते हैं। पीएनआर स्टेटस और लाइव ट्रेन स्थिति की रियल-टाइम जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यात्री अपनी सीट पर बैठे-बैठे ही भोजन ऑर्डर कर सकते हैं और कोच की स्थिति जान सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति या शिकायत के लिए 'रेल मदद' पोर्टल का उपयोग सीधे एप से किया जा सकता है। वाणिज्य निरीक्षक ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। यदि छात्र इन सुविधाओं को सीखेंगे, तो वे अपने परिवार और समाज के बुजुर्गों को भी रेलवे की डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने में मदद कर सकेंगे, जिससे स्टेशन पर लगने वाली लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश दुबे ने रेलवे की इस पहल की सराहना की और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मनोज दुबे, वाणिज्य पर्यवेक्षक कमलेश कुमार, और अजय कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालगृह खुल्दाबाद का किया निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शनिवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने खुल्दाबाद स्थित राजकीय बालगृह परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं, किशोरों और बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

राज्यपाल ने सबसे पहले राजकीय बालगृह (बालिका) में बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए टीचिंग-लर्निंग मटेरियल, आर्ट एंड क्राफ्ट और विभिन्न मॉडल्स का अवलोकन किया। उन्होंने बालिकाओं से स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रश्न पूछते हुए उनके ज्ञान की सराहना की। इसके बाद उन्होंने वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पाक कला, योग, बागवानी, सिलाई-कढ़ाई और क्राफ्ट की जानकारी ली।

उन्होंने बालिकाओं से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा और कौशल विकास बेहद जरूरी है। पूरे मन से प्रशिक्षण लेकर किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए। राज्यपाल ने बालिकाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल भी देखे और किचन व स्टोर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पॉक्सो पीड़ित बालिकाओं से भी मुलाकात की और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने, स्वच्छता अपनाने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। साथ ही उन्हें मिष्ठान और स्वच्छता किट वितरित की।

राज्यपाल ने बालगृह (शिशु) के शिक्षण कक्ष और शिशु वार्ड का निरीक्षण करते हुए बच्चों की देखभाल, टीकाकरण और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहां मौजूद बच्चों से बातचीत कर उनके पठन-पाठन के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें फल व मिठाई वितरित की।

इसके बाद उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर वहां रह रहे किशोरों से संवाद किया। उन्होंने किशोरों को अनुशासित दिनचर्या अपनाने, नियमित योग और ध्यान करने, स्वच्छ रहने तथा शिक्षा व खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किशोर अपने दैनिक कार्यों और विचारों को डायरी में लिखने की आदत डालें।

राज्यपाल ने वहां की लाइब्रेरी और प्रस्तावित स्मार्ट क्लास की जानकारी ली तथा किशोरों की संख्या के अनुसार अधिक कंप्यूटर उपलब्ध कराने और लाइब्रेरी में पुस्तकों व अखबारों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ते हुए पिछली गलतियों से सीख लेकर जीवन में सकारात्मक दिशा अपनानी चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# वीआईपी ड्यूटी में तैनात दरोगा की मौत, हार्ट अटैक से मौत की आशंका





**प्रयागराज।** शनिवार को राज्यपाल के कार्यक्रम के दौरान एक दुखद घटना सामने आई, जहां वीआईपी ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। उपनिरीक्षक नकछेद कनौजिया मौजूदा समय में यमुनानगर के बारा थाने में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित दौरे को लेकर नैनी क्षेत्र के अरैल इलाके में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में बारा थाने में तैनात उपनिरीक्षक नकछेद कन्नौजिया को डीपीएस स्कूल के समीप बनाए गए हेलीपैड पर सुरक्षा ड्यूटी सौंपी गई थी। ड्यूटी के दौरान ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, उनकी मौत का कारण हृदयगति रुकना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पूरे मामले की औपचारिक जांच कराई जा रही है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। मृतक उपनिरीक्षक नकछेद कन्नौजिया बारा थाने में तैनात थे और मूल रूप से अयोध्या जनपद के निवासी थे। उनकी सेवा निवृत्ति में महज चार महीने का समय शेष था, ऐसे में उनके आकस्मिक निधन से विभागीय साथियों के साथ-साथ परिवार में भी गहरा शोक व्याप्त है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, दलित उत्पीड़न का आरोप, पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया, गिरफ्तार

**मांडा ।** इलाकाई थाना मांडा क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी गांव के एक युवक ने घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना गुरुवार शाम को हुई, जब पीड़िता का पूरा परिवार घर से कुछ दूरी पर स्थित खलिहान में गया हुआ था। घर में नाबालिग किशोरी अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी गांव का युवक घर में घुस गया और किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। परिवार के लौटने पर बेटी ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसकी मां ने थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास यादव उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। विकास यादव कंदवा गांव निवासी चंद्रभान यादव का पुत्र है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे शनिवार को जेल भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की इलाज के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

**सहसों।** थाना फूलपुर के इफको पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चिलौंडा गांव में एक 24 वर्षीय युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक ने एक सप्ताह पूर्व किसी कारणवश जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद से उसका उपचार चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिलौंडा गांव निवासी लाल बाबू सोनकर (24) पुत्र रामा सोनकर ने बीते 4 अप्रैल को किसी बात से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल झूंसी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# एसबीआई जंघई शाखा लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान

## ब्रांच में आग लगने से हृदय द्रवित है, अतिशिघ्र बैंक पुनः अपने स्वरुप में उपलब्ध मिलेगा- जगजीत सिंह शाखा प्रबंधक जंघई





**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत जंघई बाजार में हंडिया रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में शनिवार भोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण बैंक का फर्नीचर, कंप्यूटर, और अन्य दस्तावेज जलकर खाक हो गए, जिससे लाखों का नुकसान हुआ। सौभाग्य से, लाकर रूम, रिकॉर्ड रूम सुरक्षित रहने से नकदी व महत्वपूर्ण कागजात बच गए। मकान मालिक पूर्व प्रधान धर्मेंद्र कल्लू जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह 5 बजे उठकर नीचे आया तो देखा बैंक के अंदर से धुंआ निकल रहा था, बैंक मैनेजर जगजीत सिंह को सूचना दिया और परिवार के सदस्यों को मकान से अन्यत्र जगह सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सूचना पर थानाध्यक्ष सराय ममरेज अतुल कुमार मिश्र, चौकी इंचार्ज जंघई शरद सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। और फायर ब्रिगेड को सूचित किया फायर ब्रिगेड पहुंचने तक बैंक के अंदरूनी हिस्से, फर्नीचर, बाइक और डिजिटल उपकरण पूरी तरह नष्ट हो गए। दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक जलकर सब खाक हो गया जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने घटना के बाद, प्रशासन ने सभी बैंकों को बिजली के तारों और उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

# बगई खुर्द में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे विधायक दीपक पटेल, श्रद्धा भाव से किया कथा श्रवण



**सहसों।** सहसों क्षेत्र के बगई खुर्द गांव में आयोजित संगीतमय सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। कथा का आयोजन अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी उर्फ राजन के संयोजन में उनके आवास पर किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं। कथा पंडाल में कथा व्यास श्री अतुल महाराज जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु श्रोता भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर विधायक दीपक पटेल एवं डॉक्टर अमित यादव ने भगवान श्री बांके बिहारी एवं व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन किया। साथ ही श्री अतुल जी महाराज को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक दीपक पटेल ने कहा कि उन्हें कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का अत्यंत पुण्यदायी क्षण है। उन्होंने कहा कि कथा तो मनुष्य की हर व्यथा को दूर करने का माध्यम है और जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान इसमें निहित है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को तन, मन और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधायक का माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्रा (पिंटू नेता), विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, राजा बाबू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता भक्तगण कथा का रसपान करते मौजूद रहे।

# फाफामऊ में इंटर कॉलेज की बिल्डिंग ढहाई, प्रबंधन ने जताई सुरक्षा की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**फाफामऊ।** प्रयागराज के फाफामऊ कस्बे में स्थित बाल निकेतन इंटर कॉलेज की एक इमारत को शुक्रवार रात अज्ञात लोगों द्वारा ध्वस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने फाफामऊ थाने और जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रबंधन के अनुसार, हमलावरों ने पहले विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी केबल काटे, इसके बाद मुख्य गेट तोड़कर अंदर घुसे। आरोप है कि जेसीबी मशीन की मदद से उस भवन को गिरा दिया गया, जहां कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई संचालित होती थी। बाल निकेतन इंटर कॉलेज को क्षेत्र के पुराने शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है। इसकी स्थापना को दशकों बीत चुके हैं और वर्ष 1967 में इसे मान्यता प्राप्त हुई थी। बाद में 1984 में जूनियर हाईस्कूल स्तर (कक्षा 6 से 8) को भी इसमें शामिल किया गया, जिसका व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाता है। विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ मिश्र ने बताया कि उन्होंने लंबे समय से इस संस्थान के संचालन में योगदान दिया है और यहां से पढ़कर अनेक छात्र विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। उन्होंने घटना को सुनियोजित बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय प्रबंधन ने अपनी और संस्थान की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है तथा प्रशासन से आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की अपील की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।




### मनोविज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में मनोविज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम संयोजक डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव प्रभारी मनोविज्ञान विभाग ने बताया कि आधुनिक युग में युवाओं में चिंता तथा तनाव उनकी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण हैं। मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉक्टर शिवांगी ने युवाओं में तनाव प्रबंधन पर अपने उद्बोधन में बताया कि तनाव का एक बड़ा कारण यह भी है कि हम दूसरों के अनुसार अपने को देखते हैं हर कोई अपने खुद व्यक्तित्व के अनुसार कार्य नहीं करता है सोशल मीडिया का भी तनाव में आज एक प्रमुख रोल है। द्वितीय सत्र में आपने मनोवैज्ञानिक एक्टिविटी के माध्यम से तनाव तथा क्रोध प्रबंधन पर विद्यार्थियों को कम करने के उपाय बताएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर नीरज एवं धन्यवाद डॉक्टर आयुषी ने दिया।

# हत्या के दो इनामिया आरोपी गिरफ्तार, बरामदगी के दौरान पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** शनिवार को थाना अंतू क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित 25-25 हजार रुपये के दो इनामिया अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, एसटीएफ टीम ने दोनों आरोपियों-विवेक पाण्डेय उर्फ ऋषिक पाण्डेय और विपिन तिवारी-को गिरफ्तार कर थाना अंतू पुलिस को सुपुर्द किया था। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी विवेक ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कराने की बात कही। थाना अंतू पुलिस जब आरोपी को लेकर बैजलपुर पुल के पास बरामदगी के लिए पहुंची, तभी उसने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। सह आरोपी विपिन तिवारी को मौके से ही सकुशल गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद किए हैं। उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल 2026 को डुहिया मामदापुर निवासी पंकज कुमार शुक्ला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दोनों आरोपी वांछित चल रहे थे और उन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# उप जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुई कुर्की की कार्यवाही

## गाटा संख्या 1830 कुर्क, प्रशासनिक टीम ने मौके पर की कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास गांव स्थित गाटा संख्या 1830 को लेकर चल रहे ममता बनाम प्राणपति वाद में उप जिलाधिकारी पट्टी द्वारा कुर्की का आदेश जारी किए जाने के बाद शनिवार को राजस्व एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई पूरी की।

उप जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में शनिवार दोपहर नायब तहसीलदार कृपा शंकर यादव के नेतृत्व में टीम पट्टी खास गांव पहुंची। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, हल्का लेखपाल महेंद्र पांडे तथा लेखपाल आनंद भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पट्टी कोतवाली से उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार सहित पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। टीम ने गाटा संख्या 1830 पर पहुंचकर नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई करते हुए पूर्व निर्धारित स्थान पर कुर्की का बोर्ड लगा दिया और पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई है। कुर्की की कार्रवाई के दौरान गांव में लोगों की भीड़ एकत्र रही, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता



**कुंडा।** नगर पंचायत हीरागंज के तख्त का पुरवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा व्यास आनंद आश्रम ने बताया कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का विशेष महत्व है। इन तीनों के संतुलन से ही व्यक्ति मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। कथा के दौरान भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा, सांसारिक मोह-माया से दूर रहने तथा आत्मिक ज्ञान प्राप्त करने के महत्व को सरल और मार्मिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भजनों और संकीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान का गुणगान किया। कथा स्थल पर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कई श्रद्धालु कथा के प्रसंगों को सुनकर भावुक हो गए। मुख्य यजमान सजनलाल केशरवानी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। कथा के अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कथा के दौरान बड़ी संख्या मे रमेश केशरवानी, मनोज केशरवानी, शिवचंद्र केशरवानी, विमल केशरवानी, शंकर लाल केशरवानी आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

### जातिसूचक गालियों के साथ युवक की पिटाई, तीन पर नामजद तहरीर

**पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव निवासी युवराज गौतम पुत्र रामसेवक ने मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार की सुबह लगभग वह अपने रिश्ते के फूफा के साथ गांव में बांस की खरीद-फरोख्त में मदद करने गया था। इसी दौरान बगल के खेत में पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसे वहां जाने से मना किया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते उस पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से जमकर पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद डरे-सहमे पीड़ित ने अपने परिजनों को सूचना दी। शनिवार को वह परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा, जहां उसने तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान परिजनों ने भी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।मामले में हल्का दरोगा कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त कर ली गई है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा संतोषजनक पर शुरू हो नये सिरे से जांच

**प्रतापगढ़।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस यशवंत वर्मा के त्याग पत्र को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने न्यायपालिका की सुचिता के लिए संतोषजनक कहा है। शनिवार को जारी बयान में उन्होने कहा कि संसद में महाभियोग की कार्रवाई से भले ही त्याग पत्र का उठाया गया यह कदम आरोपों से बचने का विकल्प हो। उन्होने कहा कि संसद के महाभियोग प्रक्रिया के प्रभावहीन होने पर अब भारतीय न्यायपालिका की गरिमा के लिए जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सरकार को आपराधिक मामला दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू करानी चाहिए। इस मामले में उन्होने आल इण्डिया बार एसोसिएसन को एसोसिएसन की ओर से लिखे पत्र में कहा है कि संवैधानिक ढांचे के माध्यम से इस गंभीर मामले मे जारी जांच के निष्कर्ष को देश के सामने रखे जाने में वह अपनी निर्णायक भूमिका प्रदान करे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि देश के जनमानस में जस्टिस यशवंत वर्मा पर कैश के ढेर जमा करने के आरोप से तमाम तरह के सवाल उत्पन्न हुए हैं। ऐसे में सरकार एवं न्यायिक तंत्र को संयुक्त रूप से इस गंभीर मामले के पटाक्षेप की कार्रवाई से बचाव के विकल्प को समाप्त करने का भी नैतिक समाधान खोजना चाहिए।

# 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाकर किया जनसंपर्क, बांटा पुस्तक

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** भाजपा कार्यकताओं ने पिछले 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाकर मतदाताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने फिर से प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया।

रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के रखहा बाजार में शनिवार को भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार उमर वैश्य की देखरेख में किया गया । जिसका उद्घाटन भाजपा नेता योगेश मिश्रा योगी ने किया । इस दौरान भाजपा नेता ने लोगों से जनसंपर्क करते हुये पिछले नौ वर्ष के कार्यकाल का खाका खींचा तथा कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में जो भी कहा उसे पूरा किया है। योगेश योगी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लगातार देश और प्रदेश का विकास कर रही है तथा सरकार की सारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है। भाजपा नेता ने इस दौरान मतदाताओं से घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को फिर बहुमत के साथ जिताने की बात कही। इह दौरान भाजपा नेता योगी योगेश योगी ने अपने कार्यकताओं के साथ रहब बाजार के विभिन्न पूर्व में जाकर मतदाताओं से जनसंपर्क किया तथा उन्हें नव वर्ष के कार्यकाल पर पुस्तक भेंट किया । इसके पूर्व भाजपा नेता ने व्यापार मंडल सहित अनेक लोगों को गमछा पहनकर सम्मानित किया तथा उन्हें भाजपा सरकार की उपलब्धियों की पुस्तक भी भेंट की ।उक्त कार्यक्रम में व्यापार मंडल के सौरभ उमर वैश्य, राजबहादुर गुप्ता, महेश कुमार शर्मा, रामबाबू हेलवाई, पप्पू गुप्ता, गोल्डी शर्मा, कपिल मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्र, सोन्ने उमर वैश्य, आदि मौजूद रहे।

### गैरइरादतन हत्या के तीन आरोपी धराए, गये जेल

**प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट की घटना में इलाज के दौरान चुटहिल की मौत को लेकर दर्ज गैरइरादतन हत्या को लेकर सांगीपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव में बीती तीन अप्रैल को आरोपियों ने लाठी डण्डे से पीडिता के घर जानलेवा हमला बोल दिया था। इस घटना में पीड़ित पक्ष के अर्जुन को गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के दौरान अर्जुन की प्रयागराज मेडिकल कालेज में मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटना को लेकर आरोपियो के खिलाफ दर्ज मुकदमे मे गैरइरादतन हत्या की धारा में बढोत्तरी की। थाने के दरोगा जानेन्द्र कुमार शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राजमतीपुर मटटन नाले के पास पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी सूरज वर्मा पुत्र सोहनलाल वर्मा निवासी मुरैनी सांगीपुर व पडोसी जिले रायबरेली के डीह थानान्तर्गत किशुनपुर निवासी वीरेन्द्र वर्मा पुत्र श्यामलाल के साथ एक अभियुक्ता को हिरासत में ले लिया। पूछतांछ में आरोपियो के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी डण्डा बरामद किये जाने का भी दावा किया है। पुलिस ने आरोपियो को जेल भेज दिया है।

### सपा कार्यालय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रतापगढ़।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रख्यात समाज सुधारक, लेखक महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले भारतीय विचारक समाज सुधारक लेखक दार्शनिक और क्रान्तिकारी थे। उन्होंने 1873 में महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले जी ने महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा के उत्थान के लिए बहुत काम किये। वह समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने और विधवा विवाह के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला, 1888 में ज्योतिराव फुले जी को महात्मा की उपाधि दी गयी। सभी समाजवादी साथियों को उनके बतायें हुए रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार पाल जिला उपाध्यक्ष जावेद अख्तर नगर अध्यक्ष निसार अहमद, छात्र सभा अध्यक्ष सचिन मौर्य, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष राजू यादव अनिल मौर्य अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### सेल्समैन के साथ अभद्रता व तोडफोड़ को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली स्थित एक पेट्रोल पम्प पर तेल उधार देने से मना करने पर सेल्समैन के साथ गालीगलौज व तोडफोड को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। रामपुर बावली में कालाकांकर आटो मोबाइल्स संचालित है। यहां संग्रामगढ़ थाना के प्रतापपुर चेयरगढ़ निवासी संतोष कुमार सिंह सेल्समैन के रूप में काम किया करता है। सेल्समैन की तहरीर मे कहा गया है कि बीती दस अप्रैल को दिन में डेढ बजे रामपुर बावली निवासी अंकित मौर्या पुत्र जगतपाल पेट्रोल पम्प पर आये। आरोपी द्वारा सेल्समैन से तेल उधार मांगा। मना करने पर आरोपी ने पेट्रोल पम्प की मशीन को तोड़ने लगा और काफी मात्रा में तेल बहा दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ तोडफोड व नुकसान का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है।

### सुधीर के कार्यालय अधीक्षक व अमित के टैक्स असिस्टेंट की सफलता पर खुशी का माहौल



अमित यादव



सुधीर तिवारी

**लालगंज।** एसएससी-सीजेएल परिणाम के तहत क्षेत्र के दो मेधावियों के चयन पर शनिवार को यहां खुशी का माहौल दिखा। लालगंज तहसील क्षेत्र के रोहाड़ा निवासी सुधीर तिवारी का चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। वहीं लालगंज नगर पंचायत के पूरे हरिकिशुन वार्ड तिकोनिया निवासी अमित यादव का चयन कर सहायक के पद पर हुआ है। मेधावियों की सफलता पर क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता देखी गयी। कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयनित सुधीर तिवारी रोहाड़ा निवासी राम हृदय तिवारी के पुत्र हैं। परिजनों के साथ पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, छोटेलाल सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, सतीश सिंह, पुनीत सिंह, रोहित तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, सतीश पाठक, शीतला प्रसाद मिश्र, कल्लू सोनी, जयप्रकाश जायसवाल, शिवमूरत तिवारी, रामसुमेर सरोज आदि ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं अमित यादव नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के पुराछात्र होने के साथ विद्यालय के आचार्य लवकुश यादव के पुत्र हैं। अमित के चयन पर निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, सीबीएसई के प्रधानाचार्य महेन्द्र तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी आदि ने अमित की सफलता को मेधा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि कहा है।

### मारपीट व धमकी में दो दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस

**लालगंज।** मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़े दो दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी राहुल यादव व नीरज कुमार बीती दस अप्रैल को दिन में गश्त पर निकले थे। इस बीच जैनपुर में नई कालोनी के तहत भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों में भिड़न्त की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे आरक्षियों ने आरोपियों को चिन्हित कर नामजद तथा अज्ञात तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष के उदल भारती पुत्र गजाधर, गगन भारती, रिजवान भारती, अरूण भारती पुत्रगण उदल, बिटटन भारती पत्नी उदल, दूजा भारती पत्नी अरूण भारती, पूनम भारती पत्नी गगन व चार से पांच अज्ञात तथा दूसरे पक्ष के अशोक भारती पुत्र गजाधर, पिटल्ली भारती पत्नी अशोक, सघन भारती पुत्र अशोक, अनीषा भारती पत्नी सघन, गोलू भारती पुत्र अशोक, मनोज भारती पुत्र अशोक व मोनू भारती पुत्र अशोक एवं चार-पांच अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज व लाठी डंडे व लात घूंसे से मारपीट तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी रंजिश में दबंगों का हमला, युवती घायल

**कुंडा।** महेशगंज क्षेत्र के नैदी रायगढ़ गांव निवासी रामकिशुन यादव पुत्र ननकू राम यादव प्रयागराज में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है और उसकी पुत्री घर पर अकेली रहती थी। आरोप है कि 8 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे गांव के तिलोकी यादव पुत्र रामअभिलाष यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी आरोपी ने धमकी दी। घटना में युवती को चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी राधेबाबू ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# बाजार की जमीन पर अवैध निर्माण का विरोध तेज, सैकड़ों ग्रामीणों ने दी तहरीर



**पट्टी।** तहसील के कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरेपाण्डेय गांव में बाजार की भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मामले में पूर्व प्रधान समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष कंधई को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

तहरीर देने वालों में पूर्व प्रधान, सौरभ गुप्ता, मकबूल, अमित जायसवाल, पप्पू सरोज, राजेश कुमार, बबलू पटवा, हीरालाल, सोभनाथ, बकरीदी, शिवम मोदनवाल, गंगा राम समेत सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव सभा की बाजार की भूमि पर विपक्षी पक्ष द्वारा जबरन स्थायी निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त भूमि को लेकर पूर्व में भी न्यायालय में वाद चल चुका है और 21 अगस्त 2002 को निर्णय पारित हुआ था। साथ ही सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रतापगढ़ के न्यायालय में वाद संख्या 784/2013 में 04 अप्रैल 2026 तक प्रभावी स्थगन आदेश (स्टे) होने का दावा किया गया है। इसके बावजूद आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से नाप-जोख कराकर विवादित जमीन पर निर्माण जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण को निजी भूमि बताकर कराया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह बाजार की सार्वजनिक जमीन है। इस संबंध में 9 अप्रैल 2026 को उपजिलाधिकारी पट्टी को भी शिकायत दी गई थी, जिस पर जांच के आदेश बताए जा रहे हैं। बावजूद इसके निर्माण कार्य जारी रहने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराते हुए विवादित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाजपा सरकार में कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा प्रत्येक वर्ग : आलोक पांडेय




**प्रतापगढ़।** केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश और प्रदेश का प्रत्येक वर्ग जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुआ है। बगैर जाति धर्म देखे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा प्रत्येक क्षेत्र में आज प्रदेश और देश पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उक्त बातें भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आलोक कुमार पांडेय ने ग्राम संपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद के दौरान कही। इस दौरान दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सरकार की उपलब्धियों से संबन्धित पुस्तिका भी वितरित की गई। रानीगंज विधानसभा के श्रीनाथपुर सरायगनई समेत आधा दर्जन गावों मे ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। बतौर संयोजक पहुंचे भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आलोक कुमार पांडेय ने ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियां बताईं। भाजपा नेता ने ग्रामीणों को आगामी विधानसभा चुनावों में फिर से योगी सरकार बनाने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने मोदी योगी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बूथ अध्यक्ष अभय प्रताप शर्मा ने बताया कि सरकार की नीतियों और रीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक घर तक जाकर ग्राम संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक केके शर्मा सराय गनई बूथ अध्यक्ष राज कुमार सिंह विनोद कुमार शर्मा, कमलाकांत राय लल्लू नागर डा. दिनेश मौर्य त्रिभुवननाथ शर्मा दूधनाथ गुप्ता अजीत कुमार पांडेय, मनीष कुमार दूबे राजेश कुमार पांडेय रिशभ पाल श्यामलाल गुप्ता मिथुन पांडेय चुंबकनाथ पांडेय स्वामीनाथ शर्मा मोने सिंह संजय कुमार कल्लू सिंह अरुण सिंह सुनील सरोज विकास सिंह दुर्गेश सिंह बबलू सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों को मिली नि:शुल्क दवा व जांच की सुविधा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को विश्वकर्मा नगर में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रयागराज के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में प्रतापगढ़ तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाइयां वितरित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ. नवल किशोर शाक्य ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मानवता की सेवा ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। आज स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती जा रही हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिविर में आए मरीजों को कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूक करते हुए प्रारंभिक जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया। कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. सुनील विश्वकर्मा ने कहा मरीजों का सही इलाज करना ही सबसे बड़ी सेवा है और यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सभी डॉक्टरों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक इंजी. संदीप विश्वकर्मा ने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमारा लक्ष्य 500 से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का था और हमें खुशी है कि सैकड़ों परिवारों ने इस निरूशुल्क सेवा का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि शिविर में विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की जांच अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की गई तथा भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यक्रम जारी रहेंगे। विधायक डॉ. आर.के. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा ष्जो लोग कभी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों का विरोध करते थे, आज वही लोग उनकी जयंती मनाने को मजबूर हैं। यह बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्ष की जीत है। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए बाबा साहेब के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। शिविर में डॉ. यदुनाथ विश्वकर्मा (कैंसर पेन मेडिसिन), डॉ. अविनाश विश्वकर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. इंदु सिंह डॉ. विनीत सिंह निखिल श्रीवास्तव सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें पूरी तरह निरूशुल्क की गईं एवं दवाओं का भी निरूशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर कमलेश विश्वकर्मा, ए.के.स्टालिन नवीन सरोज अतुल विश्वकर्मा दीपक पटेल सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, डॉक्टर एवं अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक टीम द्वारा सभी सहयोगी डॉक्टरों एवं कार्यकताओं को सम्मानित किया गया।

# डंफर की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर घायल

## सराय अकिल क्षेत्र के सेवथा गांव के पास हादसा ग्रामीणों का उग्र विरोध

अखंड भारत संदेश



**नेवादा कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सेवथा गांव के पास शनिवार शाम करीब 5:50 बजे तेज रफ्तार डंफर ने दोपहिया वाहन को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जा रहा है कि दोनों युवक हाशिमपुर किनार गांव के निवासी हैं और किसी काम से जा रहे थे तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया।घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने डंफर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक रिशु उम्र 16 वर्ष पुत्र सोहनलाल प्रजापति निवासी हाशिमपुर किनार अपने दोस्त मस्ताना को छोड़ने के लिए तिल्हापुर मोड़ की ओर जा रहा था। बाइक मस्ताना चला रहा था,जैसे ही बाइक सवार लक्ष्मी गेस्ट हाउस नेवादा के पास पहुंचे तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार किशोर को कुचल दिया हादसे में रिशु डंपर के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई,जबकि मस्ताना घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।बेटे का शव देख परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और घटना को लेकर आक्रोश फैल गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है वहीं हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में बेलगाम डंपरों पर सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।



## पूर्व चेयरमैन सहित तमाम लोग पहुंचे राजू सक्सेना का हाल जानने

**कौशांबी।** भरवारी कस्बे के रहने वाले पत्रकार राजू सक्सेना का प्रयागराज के अस्पताल में आपरेशन किया गया अस्पताल से वापस राजू सक्सेना पत्रकार अपने घर भरवारी वापस लौट आए हैं इस बात की जानकारी जैसे ही भरवारी कस्बे के पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी सपा के प्रदेश सचिव सहित तमाम लोगों को मिली ऑपरेशन होने के बाद शनिवार को राजू सक्सेना के निवास पर तमाम लोग पहुंचे और उनका हाल जाना इस मौके तुषार केधरवानी पार्षद पति हिमांशु केशरवानी सिया राम केशरवानी चेयरमैन सुपुत्र चंचल एवं जिला जज के स्टेनो विजय श्रीवास्तव विष्णु चौरसिया सोनू केशरवानी आदि लोगों ने राजू सक्सेना से मुलाकात कर उनका हाल जाना और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना किया पूर्व चेयर मैन कैलाश केशरवानी ने इतनी तेज एवं चालीस घंटे मे डिस्चार्ज कर एक कुशल एवं अनुभवी चिकित्सक तरुण कालरा एवं सहायक चिकित्सक अभिषेक केधारवानी को बहुत बहुत बधाई दी।



## पश्चिम शरीरा थाना का पुलिस अधीक्षक ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**महेवा घाट कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 11.04.2026 को थाना पश्चिम शरीरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर,कार्यालय अभिलेख,मालखाना हवालात शस्त्रागार,बैरक एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया गया इस दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण,लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण तथा थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों को अनुशासन,तत्परता एवं जनसुनवाई में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया गया,जहां महिलाओं की सुरक्षा,सहायता एवं जागरूकता से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित,संवेदनशील एवं प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# सीओ ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्या नहीं आये राजस्व अधिकारी, फरियादी हुए निराश

अखंड भारत संदेश

राजस्व अधिकारी आखिर क्यों नही आते समाधान दिवस में निरर्थक साबित हो रहा थाना समाधान दिवस, शिवराज पुर राला गांव में खाद्य गढ्ढे की भूमि संख्या 321 को संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जेसीबी मशीन से कराया गया कब्जा मुक्त



**कोखराज कौशांबी।** शासन की मंशा के अनुसार थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को हुआ थाना समाधान दिवस में सिराथू सीओ सतेंद्र तिवारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और जांच कर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का आदेश दिया राजस्व से जुड़े विवादित मामलों में टीम के साथ जा कर मौके से निस्तारण करने को निर्देश दिया जहाँ एक तरफ पुलिस विभाग अपनी निष्ठा के साथ लोगों की समस्याओं को निस्तारण करने में लगी रही वही राजस्व विभाग के किसी भी अधिकारी के न आने से थाना समाधान दिवस में मायूसी भी देखने को मिली फरियादियों के अनुसार समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं स्थिति इतनी खराब है कि अब थाना समाधान दिवस में केवल पुलिस विभाग के ही अधिकारी व कर्मचारियों पर राजस्व का बोझ भी डालने का प्रयास किया जा रहा हैं राजस्व विभाग ठेंगा दिखा रहा है राजस्व अधिकारियों पर जूं तक नही रेंगती आयोजन में राजस्व विभाग के अधिकारी आज भी नहीं पहुँचे हैं जिससे पुलिस कर्मचारियों के सहारे थाना समाधान दिवस का आयोजन कराया जा रहा है जबकि कर्मचारियों से पीड़ित फरियादी अपनी फरियाद किसको बताए राजस्व से जुड़े मामलों में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के न होने से लेखपाल भी अपनी मनमानी पर उतारू रहते है जिससे फरियादियों को सही न्याय न मिल पाने के कारण निराश हो कर उन्हें लौटना पड़ता है कोखराज थाने में शनिवार को फिर राजस्व विभाग के अधिकारी के न पहुंचने से थाना समाधान दिवस में सिराथू सीओ ने लोगों की समस्याओं को सुना लेकिन फरियादियों का उद्देश्य निरर्थक साबित रहा है। शासन के निर्देश पर दिनांक 11/04/2026 शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज में सीओ सिराथू व थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस समाधान दिवस के आयोजन में लगभग 9 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें जमीन विवाद और अन्य विभाग से जुड़े 2 मामलों को मौके पर निस्तारण कराया गया अन्य मामलों को सुना और संबंधित शिकायती पत्र को लेकर राजस्व सम्बंधित लेखपालों को दिया गया लेकिन समय अभाव का हवाला देकर सभी अपने अपने गंतव्य को चले गए फरियादियों को फिर एक बार निराशा का सामना करना पड़ा मौके पर उप निरीक्षक सन्तोष कुमार पुलिसकमी राजस्व कमी लेखपाल सोहन लेखपाल शिव शंकर पाल सुनील द्विवेदी, नेहा जैन, अपर्णा श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा,सहित इलाके के गणमान्य लोगों सहित तमाम लोग मौजूद रहे।थाना कोखराज क्षेत्र के शिवराज पुर राला गांव में खाद्य गढ्ढे की भूमि संख्या 321थाना दिवस के मौके पर लेखपाल शिवशंकर पाल ग्राम प्रधान अरविंद व संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जेसीबी मशीन से कब्जा मुक्त कराया गया एक अन्य मामले में मौके पर राजस्व लेखपाल व पुलिस टीम के द्वारा कब्जा हटवाया गया।

# स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग जागरूकता रैली का प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** विकासखंड सिराथू क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शनिवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग जागरूकता रैली का आयोजन शिक्षक विकास कुमार की अगुवाई में किया गया रैली में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गांव में भ्रमण कर लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों ने सब पढ़े, सब बढ़े हर घर में ज्ञान का चिराग जलेगा, जब हर बच्चा स्कूल चलेगाह्व व शिक्षा से देश सजाएंगे,हर बच्चे को पढ़ाएंगेह्वजैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।शिक्षकों ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है,विशेष रूप से उन बच्चों को जो अभी तक स्कूल नहीं जा रहे हैं या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं।इसके तहत शिक्षकों की टीम घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेगी। साथ ही दिव्यांग व विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।इस दौरान संचारी रोगों से बचाव के लिए भी जागरूकता फैलाई गई और स्वच्छता,साफ-सफाई तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति लोगों को सचेत किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक केशन लाल, विकास कुमार,अनूप कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार कुलदीप सिंह,मनोज भारतीय नंदलाल,अनवर अहमद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसडीएम और तहसीलदार के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**कौशांबी।** जिला अधिकारी डॉ अमित पाल ने उप जिला अधिकारी और तहसीलदार के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्देश के मुताबिक अतिरिक्त उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट आकाश सिंह को उप जिला अधिकारी मंझनपुर का दायित्व सौंपा गया है और मंझनपुर के उप जिलाधिकारी सुखलाल प्रसाद वर्मा को अतिरिक्त उप जिलाधिकारी द्वितीय की जिम्मेदारी दी गई है दोनों उप जिलाधिकारी के पद में अदला बदली की गई है तहसीलदार मंझनपुर सिद्धांत कुमार को तहसीलदार सिराथू बनाया गया है और तहसीलदार चायल पुष्पेंद्र गौतम को तहसीलदार मंझनपुर की जिम्मेदारी दी गई है संजय दुबे चकबंदी अधिकारी मंझनपुर को चायल तहसीलदार से संबद्ध किया गया है अनंत राम अग्रवाल चकबंदी अधिकारी संबद्ध तहसीलदार सिराथू का संबद्धी करण समाप्त करके चकबंदी अधिकारी मंझनपुर बनाया गया है जिला अधिकारी का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

## एसडीएम मंझनपुर ने ग्राम सेसा एवं ग्राम पट्टी अब्दुल रऊफ में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण




**कौशांबी।** उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने ह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत ग्राम सेसा एवं पट्टी अब्दुल रऊफ में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।ग्राम सेसा में आयोजित कैम्प मे गाटा संख्या 440 नापकर सीमांकन कर दिया गया तथा सभी सह खातेदार अपने-अपने पट्टे पर काबिज हैं। पट्टा पूर्व में दिया गया था,जो वर्तमान में संक्रमणीय भूमिधर अंकित है व मकान बनाकर एवं शेष भूमि पर कृषि कार्य कर रहे है। गाटा संख्या 440 का पैमाइश कर समस्या का निस्तारण कर दिया गया।ग्राम पट्टी अब्दुल रऊफ में कैम्प आयोजित कर शिकायतकर्ता मुन्ना लाल की उपस्थिति में उनकी समस्या का निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता इन शिकायतों के निस्तारण से संतुष्ट है।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# बालू के काले कारोबार से जुड़े माफियाओं का कारनामा

अखंड भारत संदेश

बिना अनुमति बालू डंप कर अधिक कीमत पर खुलेआम बिक्री, राजस्व को लाखों की चपत



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज और सैनी थाना क्षेत्रों में बालू माफिया बेखौफ होकर बिना अनुमति अवैध बालू का डंप कर रहे हैं और खुलेआम मनमानी कीमत वसूलकर बिक्री कर रहे हैं। इससे शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जनपद के कोखराज व सैनी थाना क्षेत्रों में अवैध बालू कारोबार धड़ल्ले से जारी है। विभिन्न चौराहों व सड़कों के किनारे बिना किसी पंजीकरण और अनुमति के बालू डंप कर उसकी खुलेआम मनमानी कीमत पर बिक्री की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कोखराज क्षेत्र के कल्याणपुर,टेढ़ी मोड़,शहजादपुर तथा सैनी थाना क्षेत्र के गनपा व गुलामीपुर समेत कई स्थानों पर बालू के काले कारोबार में लगे लोगों द्वारा भारी मात्रा में बालू डंप किया गया है। इन स्थानों से दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से बालू की सप्लाई की जा रही है। कारोबार में लगे लोग बेखौफ होकर ऊंचे दामों पर बालू बेच रहे है बिना वैध परमिट, ई-रवन्ना और पंजीकरण के बालू का भंडारण और बिक्री करना खनन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। इसके तहत जुर्माना, माल जब्ती और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है प्रशासन की चुप्पी पर तमाम गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं बताया जा रहा है कि इस अवैध व्यापार में दबंग प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं,जिसके चलते स्थानीय स्तर पर कोई भी इनके खिलाफ आवाज उठाने से कतराता है।क्षेत्रीय पुलिस व संबंधित विभाग भी कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं। इससे आमजन में चर्चा है कि जिम्मेदार विभागों की उदासीनता या मिलीभगत के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है।राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपये का भारी नुकसान हो रहा है लेकिन उसके बाद बालू के धंधे में लगे लोगों के अवैध कारोबार बेरोकटोक हो रहा है, जिससे सरकार को मिलने वाला टैक्स सीधे प्रभावित हो रहा है। राज्य के राजस्व को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से डंप की गई बालू को तत्काल जब्त कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राजस्व की हानि रोकी जा सके।

## अझुवा सहित क्षेत्र में ओवरलोड बालू ट्रैक्टरों का आतंक,सड़कें जर्जर-प्रशासन मौन




**कौशाम्बी।** ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टरों का बेखौफ आवागमन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कनवार, धुमाई और आसपास के इलाकों से लगातार गुजर रहे ये ओवर लोड भारी ट्रैक्टर न केवल सड़कों की सेहत बिगाड़ रहे हैं,बल्कि आम राहगीरों के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर बिना किसी रोक-टोक के दिन-रात दौड़ रहे हैं। इनकी वजह से सड़कों में दरारें पड़ रही हैं और कई स्थानों पर सड़कें धंसने लगी हैं।सबसे अधिक परेशानी दुपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को हो रही है,जिन्हें हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है गौरतलब है कि 3 मार्च को कनवार गांव में बनी नई सड़क पर एक ओवरलोड ट्रैक्टर के धंस जाने की घटना ने स्थिति की गंभीरता उजागर कर दी थी।ट्रैक्टर सड़क तोड़ते हुए नाले में जा धंसा था, जिसे बाद में पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने गांव से ऐसे ट्रैक्टरों के आवागमन पर सख्त आपत्ति जताई। ग्रामीणों के विरोध के चलते अब ट्रैक्टर चालकों ने नया रास्ता अख्तियार कर लिया है।कनवार गांव में प्रवेश करने से पहले ही ये ट्रैक्टर ग्रामीण मार्गों से होते हुए धुमाई रेलवे ओवरब्रिज के रास्ते बाईपास होकर हाईवे पहुंच रहे हैं।वहीं कुछ ट्रैक्टर अझुवा बस्ती के भीतर से होकर सीधे हाईवे में प्रवेश कर रहे हैं।सबसे हैरानी की बात यह है कि हाईवे के भोला चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इन ओवरलोड वाहनों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।नतीजन,ये ट्रैक्टर बेखौफ होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ जाते हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोडिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## न्यूज झरोखा

### एसडीएम चायल ने ग्राम घोसिया में भूमि विवाद की 05 शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण




**कौशांबी।** एसडीएम चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम घोसिया में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया कैम्प में ग्राम की गाटा संख्या 749 पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया। गाटा संख्या 883 की पैमाइश कर शिकायतकर्ता को आवंटित भूमि चिन्हित कर दिया गया है। शिकायतकर्ता अफसार अहमद एवं इरसार अहमद की खतौनी में नाम शुद्ध करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करा दिया गया है। इन शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा जनसुनवाई की गई



**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर दिनांक 11.04.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा थाना पश्चिम शरीरा पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर भूमि विवादों सहित अन्य शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखें तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### महेवाघाट थाना का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 11.04. 2026 को थाना महेवाघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना हवालात, शस्त्रागार, बैरक एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया गया इस दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण,लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण तथा थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों को अनुशासन, तत्परता एवं जनसुनवाई में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कड़ाधाम में की जनसुनवाई



**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर दिनांक 11.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कड़ाधाम पर ज न सु न वा ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को उन्होंने गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना भूमि विवाद पारिवारिक विवाद एवं राजस्व से संबंधित प्रकरणों सहित विभिन्न मामलों में फरियादियों से संवाद स्थापित कर कई शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को समयबद्ध,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### उप जिलाधिकारी सिराथू ने ग्राम गनपा में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया

**बंजर भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया**

**कौशांबी।** उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने ह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम गनपा में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में कुल 03 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इनमें गाटा संख्या 600 व 618, जो कि बंजर खाते की भूमि है,पर हुए अवैध कब्जे को हटवाया गया। इन शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं। कैम्प में आमजन को भूमि विवाद से बचने एवं कोर्ट से भूमि विवाद निपटाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दिया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### मेडिकल कॉलेज में उपकरण खरीद में बड़े घोटाले का आरोप

**कौशांबी।** मेडिकल कॉलेज में उपकरण खरीद में बड़े घोटाले के आरोप लगे हैं वास्तविक कीमत से 3 गुणा और चार गुना अधिक कीमत देकर अपने चाहते व्यक्ति की लखनऊ की फर्म से सामान खरीदने का आरोप प्राचार्य मेडिकल कॉलेज पर लगा है मेडिकल उपकरण टेंडर में भारी अनियमितता किए जाने का लगातार आरोप लग रहा है मार्केट रेट से 3 से 4 गुना ज्यादा दाम पर मेडिकल कॉलेज में उपकरण खरीद किया गया है प्रकरण में शासन स्तर से जांच हुई तो जिम्मेदारों की मुसीबत बढ़ेगी लखनऊ की एक फर्म से साठगांठ का आरोप है मशीन खरीद में सरकारी पैसों की बंदरबांट के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर हुआ है मेडिकल कॉलेज में मनमानी कीमत देकर उपकरण खरीदने के मामले की शासन स्तर से जांच कराई गई तो बड़ी हेरा फेरी उजागर होगी।

### लिफ्ट खराब होने से प्रसव पीड़िता जिला अस्पताल में हो रही परेशान

**कौशांबी।** मरीजों को सहूलियत देने की उद्देश्य से संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में लाखों रुपए खर्च करके लिफ्ट मशीन लगाई गई थी जिससे मरीजों को सीढ़ियां चढ़ाने से निजात मिल जाए और उन्हें आसानी से नीचे की मंजिल से ऊपर की मंजिल तक पहुंचने और ऊपर की मंजिल से नीचे की मंजिल में उतरने में कोई दिक्कत ना हो लेकिन घटिया क्वालिटी की लिफ्ट मशीन लगाए जाने से कुछ दिन बाद ही लिफ्ट मशीन खराब हो गई है जिससे लिफ्ट मशीन का प्रयोग मरीज नही कर पाते हैं खास तौर पर प्रसव पीड़िताओं को लिफ्ट मशीन का उपयोग नही मिलने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन उसके बाद भी संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार प्राचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक लिफ्ट मशीन को ठीक कराने और घटिया लिफ्ट मशीन सप्लाई करने वाले ठेकेदार फर्म पर कार्यवाही करने को तैयार नही दिखाई पड़ रहे हैं।

### वृद्ध महिला के नाक की सोने कील छीनकर टप्पेबाज रफूचक्कर

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरुआ गांव में करीब 12 बजे दिन में 70 वर्षीय वृद्ध व गरीब असहाय महिला सम्पतिया पत्नी स्व0 सम्पत अपने घर पर मौजूद थी तभी मोटर साइकिल से अज्ञात व्यक्ति आया और कहा नाक की पहनी हुई सोने की कील (पुल्ली) को बदला लो वृद्ध महिला ने बदलने से मना किया तो,अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने महिला के नाक से कील छीनकर फरार हो गया है।

## सम्पादकीय

# मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी नाकामी

**7 और** 8 अप्रैल की आधी रात को जब भारत के लोग सो रहे थे, उस समय वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की एक बड़ी करवट ली जा चुकी थी। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध को अब अगले दो सप्ताह तक रोकने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच सहमति बन गई है। खास बात यह है कि युद्धविराम का यह ऐलान उस समय हुआ जब ट्रंप की तरफ से दी गई समयबद्ध चेतावनी की सीमा खत्म होने में दो घंटे ही बचे थे। ईरान के समयानुसार बुधवार सुबह तीन बजे तक का वक्तडोनाल्ड ट्रंप ने दिया था कि ईरान उनकी बात मान ले, वर्ना वे ईरान के बिजलीघरों, पुलों और सड़कों पर भारी बमबारी करवाएंगे। ट्रंप ने सीधे-सीधे ईरान को तबाह करने की चेतावनी दी थी। ईरान के लोगों ने भी हिम्मत दिखाते हुए बिजलीघरों और पुलों के सामने मानवश्रृंखला बना ली थी कि वे ऐसे किसी भी बड़े हमले में कुबार्नी के लिए तैयार हैं, लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। लेकिन 1 बजे के करीब युद्धविराम का ऐलान हो गया।

सुबह 4:02 बजे ट्रंप ने पोस्ट किया कि - 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बातचीत के बाद मैं आज रात ईरान पर हमला रोक रहा हूं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने को तैयार हो गया है।

4:41 को ईरान के विदेश मंत्री ने पोस्ट किया कि- इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ओर से, मैं क्षेत्र में युद्ध को समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए अपने प्रिय भाइयों महामहिम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और महामहिम फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं। मैं ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से घोषणा करता हूं: यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो हमारी शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएं अपने रक्षात्मक अभियान बंद कर देंगी।

5:20 बजे शाहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ईरान और अमेरिका तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं इस बुद्धिमान पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अब बातचीत के आधार पर एक निर्णायक समझौते के लिए शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को दोनों देश के प्रतिनिधिमंडलों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करता हूं।

अब शुक्रवार को यह दो हफ्तों का युद्धविराम स्थायी युद्धविराम में बदलेगा या फिर नए सिरे से हमलों की शुरूआत होगी, फिलहाल कहा नहीं जा सकता। लेकिन अभी जो 15 दिनों की शांति की बात हुई है, उसमें भी दुनिया ने राहत की सांस ली है, क्योंकि इस जंग की तपिश में पूरी दुनिया झुलस रही थी। ईरान की तरफ से दिए गए 10 बिंदुओं के प्रस्ताव पर ही ट्रंप चर्चा के लिए तैयार हो गए हैं, यह भी ईरान के लिए बड़ी जीत के संकेत हैं। क्योंकि उसने अपने बड़े नेताओं को खोने के बावजूद आखिरी तक हथियार डालने से मना कर दिया। इस युद्धविराम प्रक्रिया में पाकिस्तान के साथ सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्त्र भी लगे थे, लेकिन ईरान इन पर भरोसा नहीं कर पा रहा था।

# ईरान का अद्भुत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल

**सर्वमित्रा सुरजन**

**बहरहाल** बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली गमसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली जंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया।

टाइटैनिक फिल्म का एक अद्भुत दृश्य है, जब जहाज टुकड़े-टुकड़े होकर डूबता है, अमीरों में आपाधापी मची रहती है कि बचाने वाली नावों पर वे किसी भी तरह सवार हो जाएं, नीचे गरीबों के निकलने के रास्ते पर दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया जाता है, क्योंकि उनकी जान की कीमत नहीं समझी जाती, पूरे जहाज में चीख-पुकार मची रहती है और इस बीच संगीतकारों के दल के सदस्य अपने वाद्य लेकर जाते-जाते ठहरते हैं और एक आखिरी बार अपने संगीत की प्रस्तुति देते हैं। मौत के बीच वे जिंदगी, जिंदादिली और जिजीविषा की अद्भुत संगीत रचना पेश करते हैं।

बीते दिनों ईरान के सुप्रसिद्ध संगीतकार अली गमसारी जब इसी तरह तेहरान में दमावंद बिजली संयंत्र के सामने पहुंचे और उन्हें देखकर कई और कलाकार भी इसी तरह अपने वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति देने बाहर आए, तो टाइटैनिक के उस दृश्य की ही याद आ गई। गमसारी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जा सकते हैं, उन्होंने तेहरान के दमावंद बिजली संयंत्र में अपने वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर बम के धमाके के जवाब के लिए संगीत के सुरों को चुना। बिजली संयंत्र के सामने दरी बिछाकर अपने वाद्य 'तार' के साथ गमसारी बैठे और दो दिनों तक बजाते रहे। उनके इस फैसले के पीछे डोनाल्ड ट्रंप की वह धमकी थी, जिसमें वे ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म करने का ऐलान कर रहे थे।

गौरतलब है कि 28 फरवरी के बाद ट्रंप ने कई बार ईरान को कई तरह की धमकियां दीं, लेकिन बीते दिनों उनकी दो धमकियां चर्चा में रहीं। पहले तो उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत खत्म करने के दावे के साथ ईरान को पाषाण युग में वापस भेजने की धमकी दी, इसके बाद एक और धमकी देकर मंगलवार रात आठ बजे तक का वक्त दिया कि इसके बाद वे ईरान के बिजली संयंत्रों, पुलों और सड़कों पर ऐसे हमले करेंगे जिससे एक पूरी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। ईरान को धमकाने के लिए ट्रंप ने अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया, जिसने उनका असली चेहरा दुनिया के सामने खोल कर रख दिया। हालांकि जो लोग ईरान को एक पिछड़ा, अशिक्षित, दकियानूसी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध देश मानने की भूल करते थे, क्योंकि अमेरिका ने उनके सामने ईरान की ऐसी ही तस्वीर पेश की थी। उन्हें भी नजर आ गया कि असल में ईरान क्या है। अली गमसारी जैसे सैकड़ों-हजारों-लाखों-करोड़ों लोगों ने दुनिया को ईरान के एक ऐसे जुझारू पक्ष को दिखा दिया, जो आज के वक्त में दुर्लभ गुण हो चुका है। प्रसंगवश बता दूं कि युद्ध में अपने देश की सेवा के लिए दुनिया भर से ईरानी जनता वतन वापस लौट गई। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम विकसित देशों में आराम का जीवन बिताने का मौका इन अप्रवासी ईरानियों के पास था, लेकिन अपनी सुरक्षा और आराम से पहले इनके लिए देश की रक्षा है, जिसकी खातिर वे लौट आए। जबकि अमूमन यही होता है कि जब किसी देश पर हमला हो या किसी किस्म का संकट आए, तो बाहर बैठे उसके नागरिक खैर मनाते हैं कि अच्छा है हम वहां नहीं हैं। भारत के भी लाखों लोग विदेशों में बसे हैं, जिनके लिए देशप्रेम का मतलब विदेशी धरती पर अपने त्योहार मनाना, अपने सनातनी संस्कारों को पेश करना ही है। भारत वापस आकर ये कभी यहां के प्रदूषण पर नाक-भौं सिकोड़ेंगे, तो कभी यातायात व्यवस्था की हंसी उड़ाएंगे या फिर विदेश में बैठकर देश के लोगों को देशभक्ति का ज्ञान देंगे। ऐसे में ईरान के लोगों का जज्बा किसी अजूबे से कम नहीं है।

बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत




और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली गमसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली जंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया तो अगले ही दिन गणित के एक प्रोफेसर ने राख और मलबे के बीच बैठकर ही ऑनलाइन क्लास ली, जबकि एक और प्रोफेसर डॉ. मसूद शादनाम ने कहा कि ये हमले ईरान में वैज्ञानिक प्रगति को प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि इमारतें दोबारा बनाई जा सकती हैं, लेकिन बुद्धि को निशाने पर नहीं लिया जा सकता और विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिभाशाली लोग यहीं रहते हैं। अमेरिका की ईरान को पूरी तरह तबाह करने की धमकी के बीच युवा और खेल मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने एक चैनल पर आकर अपने देशवासियों से अपील की कि हम मानवश्रृंखला बनाकर इन धमकियों का जवाब दें, उन्होंने कहा कि, 'बिजली संयंत्र जो हमारी राष्ट्रीय संपत्ति और पूंजी हैं, चाहे किसी भी पसंद या राजनीतिक नजरिए से देखें, वे ईरान और ईरानी युवाओं के भविष्य के हैं। हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है।' मंत्री की इस अपील पर देश के युवा, छात्र, खिलाड़ी, कलाकार, शिक्षक सब हाथों में हाथ डालकर मानवश्रृंखला बनाकर खड़े हो गए। हम होंगे कामयाब की पंक्तियां याद आ गईं- हम चलेंगे साथ-साथ, डाल हाथों में हाथ, हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, हम होंगे कामयाब एक दिन। ईरान वाकई ऐसे ही कामयाबी की राह पर आगे बढ़ा। तभी तो ट्रंप को सभ्यता खत्म करने की धमकी के बाद यह कहने पर मजबूर होना पड़ा कि हम दो हफ्ते के युद्धविराम के लिए तैयार हैं, हम आगे चर्चा के लिए तैयार हैं, हम ईरान में पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा देंगे।

दरअसल ईरान को यह कामयाबी, यह नायकत्व अपने नेतृत्व और जनता की अटूट देशभक्ति के जज्बे से हासिल हुआ है। मंगलवार को जब सब कुछ खत्म करने की चेतावनी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी थी, तो उसके जवाब में उनके समकक्ष ईरान के राष्ट्रपति डॉ.मसूद पेजेशिकयान ने कहा था कि 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने देश रक्षा में शहादत के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा। अब दुनिया देख रही है कि जिस देश का राष्ट्रपति खुद कहे कि मैं शहीद होने के लिए तैयार हूं, और जिस देश के सर्वोच्च नेता ने पहले अपनी शहादत दे दी, क्या उस ईरान को अमेरिका और इजरायल कभी हरा पाएंगे।

याद रहे कि दिवंगत अयातुल्लाह अली खामेनेई के पास मौका था कि वे युद्ध शुरू होते ही किसी बंकर में जाकर रहते ताकि उनकी जान बचे और वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उनके सलाहकारों ने उनसे यही गुजारिश भी की थी। खामेनेई के करीबी रहे अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने बताया था कि खामेनेई ने अपने सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि अगर वे ईरान के 9 करोड़ लोगों के लिए सुरक्षित शेल्टर का इंतजाम कर सकते हैं, तभी वे अपना घर छोड़कर कहीं और जाएंगे। उनके साथ उनके परिवार वालों ने भी किसी खास सुरक्षा प्रावधान से इंकार कर दिया और 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमले में इन सभी ने अपनी शहादत दी। खामेनेई का कहना था कि एक नेता को हमेशा अपनी जनता और गरीबों के बराबर ही रहना चाहिए। अगर कोई नेता अपने लिए अलग और खास जीवन जीने लगे, तो वह देश का नेतृत्व करने के लायक नहीं रहता।

अयातुल्लाह अली खामेनेई के बाद सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी भी इसी तरह हमले में मारे गए। और जब तक वे जिंदा थे, उन्हें कई बार ईरान की सड़कों पर आम जनता के साथ, आम जनता के बीच देखे गये। अब राष्ट्रपति डॉ.पेजेशिकयान ने भी शहादत का यही जज्बा दिखाया है। डोनाल्ड ट्रंप से पूछा जाना चाहिए कि क्या असभ्य, खतरनाक और आतंक फैलाने वाले लोग ऐसे होते हैं, क्योंकि ईरान को वे दुनिया की सबसे खतरनाक कौम कहते हैं। ईरान ने साहस और देशभक्ति की नयी मिसाल ही नहीं पेश की, बल्कि इंसानियत और भाईचारा भी दिखाया है। ईरान के दुनिया भर में बने दूतावासों से रोजाना ही ट्रंप और इस युद्ध को लेकर पोस्ट हो रहे हैं, जिनमें कभी तंज होते हैं, कभी मार्मिक संदेश होते हैं। किसी पोस्ट में मीनाब शहर की मृत बच्चियों के साथ जेफ्री एपस्टीन के द्वीपों में यौनशोषण का शिकार बच्चियों को ईरान एक साथ रखकर ट्रंप और नेतन्याहू को उनका दोषी करार दे रहा है, तो किसी में दिवंगत खामेनेई के साथ स्वर्ग में इन बच्चियों को दिखा रहा है। कहीं ट्रंप की पाषाण युग में भेजने वाली धमकी पर उलाहना है।

# भय से विश्वास तक : एक युगांतकारी परिवर्तन

**बृजमोहन अग्रवाल**

**जनजातीय** समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था।

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुंच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्तिऔर केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है।

नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंततः लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया—इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंततः इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया।

इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं—केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबांकुरों को—जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तक : एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार

भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने 'सॉफ्ट टारगेट्स' की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहां शासन की पहुंच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया।



तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियां सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

विचारधारा से विचलनः माओवाद से मनीवाद तक

समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहां तथाकथित 'जन अदालतों' के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया।

छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएं, तेंदूपत्ता व्यापार—सभी उनके लिए उगाही के स्त्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहां तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी। यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुंचने की चर्चा होने लगी।

सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।

नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमिः दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई।

उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियां भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं।

इस ढुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

राष्ट्रीय चेतना का उदयः मेरे प्रारंभिक अनुभवः छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहते हुए मुझे बस्तर क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला जहां नक्सलवाद रूपी दैत्य से मेरा प्रथम साक्षात्कार हुआ और यह आभास भी हुआ कि दंडकारण्य में इस दैत्य का दमन केवल हथियारों से नहीं किया जा सकता।

नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष की भूमि तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में वैचारिक जनजागरण की नितांत आवश्यकता थी और इसलिए जनजातीय समाज के बीच राष्ट्रीयता का अलख जगाने के प्रकल्प में मैंने भी अपनी भागीदारी निभाई।

1990 के दशक में स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा जी के नेतृत्व में रायपुर के पुराने कमिश्नर कार्यालय के बीटीआई कम्युनिटी परिसर में आयोजित बैठक में पहली बार यह निर्णय लिया गया कि नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष को राष्ट्रीयता के व्यापक संदर्भ में लड़ा जाएगा। यही वह निर्णायक मोड़ था जब नक्सलवाद की समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के परिप्रेक्ष्य में देखा गया।

जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठकः

वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। 'ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसीज के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए।

तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटिल जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएं हुई थीं।

उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरूआत हुई।

सलवा जुडूमः जनभागीदारी का ऐतिहासिक अध्याय

हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि अशिक्षा, अज्ञानता और दुष्प्रचार के कारण स्थानीय समाज का एक बड़ा हिस्सा नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखता था। इस स्थिति को बदलने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों और छात्रावासों में पर्चे और साहित्य वितरित किए गए। घर-घर जाकर नक्सलवाद की वास्तविकता को उजागर किया गया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू जैसे संस्थानों से जुड़े राष्ट्रवादी विचारकों और छात्रों का भी सहयोग लिया गया।

जनजातीय समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था, उन्हें विवाह तक नहीं करने दिया जाता ।

## स्कूल चलो अभियान में गाजीपुर के बीकापुर विद्यालय में एस्ट्रो लैब का उद्घाटन, बच्चों में विज्ञान के प्रति जगी नई जिज्ञासा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर ।जनपद** के उच्च प्राथमिक विद्यालय, बीकापुर (सदर) में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक ईरजराजा एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात



ह्स्कूल चलो अभियानह्व के तहत बच्चों के नामांकन की औपचारिक शुरूआत की गई। अधिकारियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं पाठ्य सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस दौरान अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया गया।

## नम आंखों से इकलौते बेटे को दी पिता ने मुखाग्नि, मां और बहन का रो रो कर बुरा हाल



**सुल्तानपुर** जिले के थाना बधुआ कला के अंतर्गत अलीगंज बाजार के निकट ग्राम सभा मझना पूरे बैसी निवासी शहीद अखिलेश शुक्ला का पार्थिव शरीर अलीगंज बाजार नेशनल हाईवे बाईपास पर ई एम ई कोर 33 इंडिपेंडेंस तृणगांव कुपवाड़ा के सूबेदार प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में शहीद अखिलेश शुक्ला का का पार्थिव शरीर अलीगंज पहुंचते ही भारत माता की जय अमर बलदानी अमर रहे के जयकारे के उद्घोष से चारों दिशाएं गूंज उठी हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से शहीद जवान को भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित किया,

उधर फैजाबाद डोगरा रेजीमेंट के आशीष दहिया मराठा टक यूनिट ने सेना की गाड़ी पर शहीद का शव सा सम्मान रखकर अलीगंज बाजार होते हुए जवान के निज निवास स्थान के लिए प्रस्थान किया, रास्ते में जगह-जगह पर बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लिए फूलों की वर्षा कर वीर जवान अमर रहे भारत माता की जयकारे लगाते हुए, इस काफिले मे शामिल हजारों की संख्या में पैदल चलते हुए ग्राम सभा मझना पहुंचे, शव घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई, वीर शहीद अखिलेश शुक्ला के माता -पिता एवं बहनों का रो-रो कर बुरा हाल था, यह मंजर बहुत ही दयनीय एवं दुःखद था, लोग एक दूसरे को सांत्वना दे रहे थे इस मौके पर बड़ी संख्या में सुरक्षा व्यवस्था मे स्थानीय पुलिस, छक्ड, और सेना के जवान और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## रात में ड्यूटी पर डॉक्टर के बिगड़े बोल, बीमार बच्चे को नहीं मिला समय पर इलाज

**,सुलतानपुर चांदा** क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात लगभग 2:00 बजे ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एस एन विश्वकर्मा के अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि रात करीब 2 बजे उल्टी-दस्त से पीड़ित एक छोटे बच्चे को लेकर पहुंचे परिजनों को डॉक्टर ने पहले तो नजरअंदाज किया और नाराजगी जताते हुए कहा कि ह्लरात में क्यों दौड़े चले आते हो परेशान करने ।ह्वतीमारदारों के अनुसार डॉक्टर एस एन विश्वकर्मा ड्यूटी के दौरान सो रहे थे और काफी मशक्कत के बाद ही मरीज को देखने के लिए तैयार हुए। इतना ही नहीं, बिना ठीक से जांच किए ही बच्चे को जिला अस्पताल रेफर करने की बात कही गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर इलाज करने की बजाय सीधे रेफर पर्ची बनाने में अधिक रुचि दिखा रहे थे।घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। लोगों ने सवाल उठाया है कि सरकारी अस्पतालों में ऐसी लापरवाही और अभद्रता पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की जाती।

## दहेज हत्या के दोषी पिता-पुत्र को आठ साल का कठोर कारावास

**सुलतानपुर। दहेज** की मांग को लेकर विवाहिता की प्रताड़ना व उसकी हत्या के आरोप से जुड़े करीब 11 साल पुराने मामले में एफटीसी प्रथम की कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। फास्ट ट्रैक कोर्ट जज राकेश यादव की अदालत ने मामले में आरोपी सास,जेठ-जेठानी व अधिवक्ता देवर को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। वहीं अदालत ने आरोपी पति अतुल पाण्डेय व ससुर अनिल पाण्डेय को दहेज हत्या सहित अन्य आरोपो में दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियो को आठ साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के रानीपुर-करनाईपुर के रहने वाले वादी शिवबरन पाण्डेय के मुताबिक उन्होंने साल 2012 में मुंशीगंज थाने के शोभा पाण्डेय का पुरवा निवासी आरोपी अतुल पाण्डेय के साथ अपनी भतीजी खुशबू पाण्डेय की शादी किया था। वादी के आरोप के मुताबिक पति अतुल पाण्डेय,ससुर अनिल पाण्डेय,जेठ विकास,जेठानी मंजू,सास ऊषा देवी,देवर रिंकू उर्फ विद्याधर पाण्डेय उनकी भतीजी को दहेज की मांग को लेकर अक्सर प्रताड़ित करते रहे।

# 6 मंदिरों में चोरी करने वालों का पुलिस ने किया भंडाफोड़

## पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, जेवर, औजार, जहरीला पदार्थ व बाइक बरामद की

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद सहित आसपास के जिलों में मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक शातिर अंतर्प्रांतीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कोतवाल कर्वी और एसओजी की संयुक्त टीम यह खुलासा किया है। जिसमें कुल चार चोर पकडे.गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 20 फरवरी को भरतकूप स्थित भरत मंदिर के पुजारी महंत लवलेश दास महराज ने थाने में सूचना दी कि मंदिर के दरवाजे के कुण्डा काटकर चोर भगवान की मूर्तियों के आठ चांदी के मुकुट व एक चांदी का छत्र चोरी कर ले गए है। इस सम्बन्ध में थाना भरतकूप में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी प्रकार बीती 16 मार्च को थाना पहाड़ी में स्थित अकेलवा बाबा हनुमान मंदिर में व बीती छह अप्रैल को लोढ़वारा स्थित हनुमान मंदिर में भी चोरी की घटना के सम्बन्ध में पुजारी बृजेश कुमार पाण्डेय पुत्र श्यामदत्त पाण्डेय निवासी परसौजा व राजनारायण दास ने तहरीर दी थी। चोरी की इन घटनाओं के दृष्टिगत सभी घटनास्थलों का निरीक्षण कर खुलासे के लिए एसओजी व कर्वी कोतवाली टीम को लगाया गया।

जिसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सुरागों की सहायता से की गई विवेचना में पाया कि कुछ लोग एक गिरोह बनाकर मंदिरों में चोरी कर रहें है। इस पर पुलिस टीम ने सर्च अभियान चलाते हुए शनिवार को खोही तिराहा-बंदर कोल मार्ग के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम विजय कुमार शुक्ला निवासी कस्बा व थाना राजापुर तथा बाबरशाह निवासी मोहल्ला अफगानान मंडावर थाना मन्दावर जनपद बिजनौर बताए। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, जेवर, औजार, जहरीला पदार्थ व बाइक बरामद की। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह लोग अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर मंदिरों में चोरियां करते है। बताया कि जहरीले पदार्थ को वह लोग मिठाई में मिलाकर मंदिर के आस पास मौजूद कुत्तों को खिला देते है, जिससे उनकी मौत हो जाती है। इसके बाद वह लोग चोरी की घटना को अंजाम देते है। बताया कि आज वह अपने साथियों के साथ चोरी का सामान बेचने आगरा जा रहे थे कि पकड़ लिए गए। इन दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इनके दो साथियों मोहनलाल पटेल निवासी धरममुहापुर थाना मंझनपुर कौशाम्बी व कामता प्रसाद मौर्य निवासी रामनगर कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर को भी गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों में से कामता सोनारी का काम करता था, जो मंदिरों से चोरी करने वाले आभूषणों को गलाकर सोने-चांदी की सिल्लियों में बदल देता था। जिसे ये चारों बाजार में बेच देते थे। इन लोगों ने चित्रकूट सहित बांदा, फतेहपुर एवं सतना (म.प्र.) जनपद के विभिन्न मंदिरों में कई चोरियों की है। इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले भी पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में सर्विलांस टीम प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रोशन सिंह व कर्वी कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह सहित प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह, शनि चतुर्वेदी, आरक्षी राहुल देव, जयनारायण पटैरिया, विपिन कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, मोहित कुमार व आरक्षी चालक दीप प्रताप शामिल रहे।

# डीएम पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में खनिज विभाग ने जुटाया रिकार्डतोड़ राजस्व

## 24 नये खनन क्षेत्र से और बढेगा राजस्व

**चित्रकूट।** राजस्व जुटाने के मामले में चित्रकूट के खनिज विभाग ने इस बार जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमें पिछले वित्तीय वर्षों में प्राप्त राजस्व के सापेक्ष इस बार रिकार्ड तोड़ राजस्व संग्रह हुआ है। जहां पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 106 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई थी, वहीं इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 127 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। जो पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 20 प्रतिशत अधिक है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जिले में अवैध खनन व परिवहन पर रोकथाम के लिए पहली बार थाना स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने के साथ तहसील और जिला स्तरीय टास्क फोर्स को खनन क्षेत्रों में लगातार गस्त करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही इन टीमों को अवैध खनन व परिवहन मिलने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा गया है। डीएम ने सख्त अवैध खनन माफियाओं पर कार्यवाही के लिए इन टीमों को पूरी छूट देते हुए दबाव मुक्त हो कर काम करने के निर्देश दिए हैं। जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि डीएम पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में 24 नए खनन क्षेत्रों को विज्ञापित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे बड़े पैमाने पर राजस्व प्राप्ति के अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा ही। साथ ही आम जनमानस को उपखनिज की उपलब्धता भी आसानी से होगी। इसके अलावा जिले में नए क्षेत्र चिन्हित करने के लिए भी नई टीम का गठन किया गया है। साथ ही उपखनिजों का परिवहन करने वाले 1,755 वाहनों में वीटीएस लगवाया गया है।

डीएम पुलकित गर्ग की अगुवाई में गठित प्रवर्तन टीम ने अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रवर्तन कार्य से 4.09 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली की है। साथ ही 10 प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई और 16 प्रकरणों में परिवाद दायर किया गया।

# गुमशुदा व खोये हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

## 51 मोबाइल फोन पुलिस ने लौटाए

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ नोडल अधिकारी एसओजी फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी व सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा व खोये हुए कुल 51 मोबाइल फोन वापस लौटाए गये। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 20 हजार रुपए है।

खोए हुए मोबाइल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष व बम्प्त् पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी व सर्विलांस टीम व थानों को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निर्देश दिए गये थे। प्रभारी एसओजी सर्विलांस टीम निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस एवं थानों के टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 51 गुमशुदा खोये हुए मोबाइल की बरामदगी करते हुए शनिवार को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

बरामद करने वाली टीम में प्रभारी एसओजी व सर्विलांस निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी रोहित सिंह, आरक्षी आशीष यादव, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, आरक्षी पवन राजपूत, आरक्षी राघवेन्द्र, आरक्षी रोशन सिंह व आरक्षी गोलू भार्गव मौजूद रहे।

# वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थी परिषद ने चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर के हर परिसर में वंदे मातरम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के अनेक शिक्षण संस्थानों में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया।

एस.टी. थॉमस विद्यालय शिवराम, श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल, परम विद्या मंदिर, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज सहित कई परिसरों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया। जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा ने कहा कि वंदे मातरम्-स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। अभाविप का यह अभियान युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे देशभर के एक लाख परिसरों में राष्ट्रीय चेतना का संचार हो रहा है। एस.टी. थॉमस विद्यालय के प्रधानाचार्य बास्टिन अरक्कल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन और देशप्रेम को बढ़ावा देते हैं। वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आनंद जायसवाल, अंश प्रताप यादव, नगर मंत्री पवन गुप्ता, सह मंत्री अंशुमान मिश्रा, इकाई उपाध्यक्ष दुर्गेश, तेजप्रताप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन आश्रम में आग लगने से नष्ट हुआ यज्ञशाला स्थल

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मड़फा महादेव की तलहटी में स्थित आद्य शंकराचार्य आश्रम में पूर्वाम्नाय पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य अधोक्षजानन्द महाराज के निमार्णाधीन आश्रम में बिजली के हाई वोल्टेज तारों में चिंगारियां उठने की वजह से यज्ञशाला स्थल जलकर राख हो गया। कुछ दिन पहले ही शंकराचार्य ने इसी यज्ञशाला में शिव शक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी महाआराधना का आयोजन किया था। वृंदावन और काशी से आए कारीगरों ने लगभग 15 लख रुपए की लागत वाली इस सुन्दर यज्ञशाला का निर्माण किया था। आश्रम के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों को हटाने के लिए आश्रम प्रबंधन ने विद्युत विभाग को कई बार आगाह भी किया और प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन शंकराचार्य ने विद्युत विभाग की इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी प्रकट की है। गांव के पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार पयासी ने बताया कि कल शाम 7 बजे जब हम लोग आश्रम में संध्या आरती की तैयारी कर रहे थे तभी अचानक यज्ञशाला स्थल धू -धू कर जलने लगी। गांव के कई लोगों ने भाग कर आग को फैलने से बचाया। फायर ब्रिगेड को भी फोन करके बुलाया गया लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग 2 घंटे बाद ही घटना स्थल पर पहुंची। गांव वालों के अथक प्रयास से आग को आगे बढ़ने से रोका गया। यदि इसको नहीं रोका जाता तो आग की चपेट में खेतों में पड़ी फसल और गांव तक भी आग फैल सकती थी। जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के उदासीन रवैया की वजह से इतना नुकसान हुआ है। अभी भी अगर विद्युत विभाग हाई वोल्टेज लाइन को यहां से नहीं हटाता तो किसी बड़े खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि शंकराचार्य इसी स्थल पर एक भव्य गुरुकुल का निर्माण भी करवा रहे हैं। आश्रम में आध्यात्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं और वीआईपी लोगों का भी मूवमेंट रहता है, ऐसे में विद्युत विभाग की यह लापरवाही लोगों को भारी पड़ सकती है।

# स्टार्टअप इको सिस्टम के विकास को देंगें बढावा

**चित्रकूट।** भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को मजबूत करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत देश के 132 जिलों में तेजस पहल (राज्यों और जिलों में उद्यमिता यात्राओं में बदलाव) शुरू की है।

इस संबंध में प्रदेश सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला आगामी 16 अप्रैल को जनपद के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम, सोनेपुर में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला देश के 132 जिलों में तेजस पहल के व्यापक कार्यान्वयन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है।

तेजस पहल का मुख्य उद्देश्य उभरते हुए उद्यमियों, स्टार्टअप्स और छात्रों विशेष रूप से गैर महानगरीय और कम सुविधा वाले क्षेत्रों की पहचान करना, उन्हें संवारना और उनका समर्थन करना है। यह संस्थागत सहयोग, मार्गदर्शन और उद्यमों को स्थापित करने तथा उनका विस्तार करने के लिए आवश्यक प्रासंगिक संसाधनों तक पहुँच को सुगम बनाकर किया जाता है। इसी क्रम में, इस पहल के तहत आगामी 16 अप्रैल को जनपद में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 250 छात्रों, युवाओं और उद्यमी भाग ले सकते हैं। यह कार्यशाला नए व्यावसायिक विचारों, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता के अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगी। इसमें जिले के प्रशिक्षक, वित्तीय विशेषज्ञ और सफल स्टार्टअप उद्यमी अपने अनुभव और मार्गदर्शन साझा करेंगे। जनपद चित्रकूट में कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ, हस्तशिल्प और साथ ही पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता की अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें यहाँ के समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों का समर्थन प्राप्त है। तेजस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधित गहन जानकारी प्राप्त होगी, जिससे वे स्थानीय अवसरों की पहचान कर सकेंगे और टिकाऊ बाजार अनुकूल उद्यम स्थापित कर सकेंगे। इस सत्र का संचालन विभिन्न इकोसिस्टम भागीदारों के सहयोग से किया जाएगा। इस सत्र में उद्यमिता जीवनचक्र के प्रमुख पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता, स्टार्टअप्स को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता दिलाने के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जानकारी, वित्तपोषण के अवसरों तक पहुँच, बाजार से जुड़ाव और विशिष्ट क्षेत्रों में नवाचार के मार्गों से संबंधित मार्गदर्शन शामिल होंगे। यह पहल भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमशीलता की क्षमता को उजागर करना और संतुलित व समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

कार्यशाला के संबंध में बीते 6 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकरी डी.पी. पाल, उपायुक्त उद्योग संदीप केशरवानी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रतिनिधि गोस्वामी तुलसीदास राजकीय पी.जी. कॉलेज, प्रधानाचार्य आई.टी.आई., प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी एवं सीडीओ की अध्यक्षता में थाना मऊ में समाधान दिवस संपन्न

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता व उप जिलाधिकारी राम श्रषि रमन की उपस्थिति में थाना मऊ में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए।

# चित्रकूट में कक्षा 9 से 12 तक की अधिकृत एनसीईआरटी पुस्तकें उपलब्ध

**चित्रकूट।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्य पुस्तकों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए पुस्तकों के वितरण के लिए अधिकृत प्रकाशकों का निर्धारण किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि कक्षा 9 एवं 12 की पुस्तकों के लिए मे. पायनियर प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सिकन्दरा आगरा, कक्षा 11 के लिए मेसर्स सिंघल एजेन्सीज, लखनऊ तथा कक्षा 10 के लिए मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्रा.लि., झांसी को अधिकृत किया गया है। संबंधित प्रकाशकों से संपर्क करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि जनपद चित्रकूट के लिए इन सभी पुस्तकों की आपूर्ति एक अधिकृत विक्रेता के माध्यम से की जा रही है। जनपद में कक्षा 9 से 12 तक की एनसीईआरटी की अधिकृत एवं मानक पाठ्य पुस्तकें अग्रवाल पुस्तक भण्डार, रामपुरी, पुरानी बाजार, कर्वी में उपलब्ध कराई गई हैं। यहां छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक निर्धारित एवं सस्ती दरों पर आवश्यक पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं।

# आधुनिक पुस्तकालय एवं वातानुकूलित कक्ष का बीएसए ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश




**पहाड़ी/चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने प्रवेशोत्सव, प्रतिभा सम्मान, आधुनिक पुस्तकालय एवं वातानुकूलित कक्ष का उद्घाटन किया। कार्यक्रम शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारे जनपद का यह पहला विद्यालय है जहां पर स्मार्ट क्लास पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया गया है साथ ही स्मार्ट पुस्तकालय बहुत अच्छा बनाया गया है। बच्चों को अलग-अलग बैठकर पढ़ने के लिए टेबल लाईट सहित लगाई गई है। इस विद्यालय ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है ऐसे ही अन्य विद्यालय भी इस विद्यालय से प्रेरणा लें। वही शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमेशा सकारात्मक व दोनों पक्षों को लेकर शिक्षक को चलना चाहिए व इमानदारी से विद्यालय जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और आर्दश बने तथा अपने विद्यालय को आर्दश बनायें। उपस्थिति अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रतिभा सम्मान नावेदय मे चयनित छात्र-छात्रा मानवेंद्र एवं संध्या को पुरस्कृत किया गया। कक्षा एक से लेकर पांच तक के छात्र-छात्राओ को कक्षा मे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों मोनिका, स्वाती, अपर्णा, अमन, वैष्णवी व आराध्या को पुस्तकें वितरित की गईं। प्राथमिक विद्यालय देवल के प्रधानाध्यापक रामभूषण पाण्डेय विद्यालय के परिदृश्य बताते हुए कहा देवल गांव मे विद्यालय सन 1938 से ग्रामीणों के घरों मे चल रहा था। शासन द्वारा सन 1956 मे विद्यालय की नीव रखी गई। मेरी पोस्टिंग विद्यालय मे सन 2013 में हुई और इस सत्र मे अभी तक विद्यालय में कुल छात्र संख्या 158 है। जिसमें 83 बालिका व 75 बालक हैं। विद्यालय को सुन्दर बनाने मे विद्यालय के सभी स्टाफ का सहयोग रहा। आपस मे सभी लोगो ने 189000 एकत्रित कर विद्यालय की कमिया दूर करने की कोशिश करते हुए प्राइवेट विद्यालय जैसे व्यवस्थाएं बनाने की कोशिश की गई है। जिससे गांव के बच्चे गांव मे ही पढ़े सकें। कार्यक्रम का संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सहित शिक्षक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भारत को रूस ने दिया तगड़ा ऑफर, एलएनजी पर बंपर छूट देने को तैयार




**रूस**

**अमेरिका** और यान के बीच जारी जंग में भले ही दो हफ्तों के सीज फायर का ऐलान हो गया है लेकिन पिछले करीब 40 दिनों से चल रही इस जंग ने ग्लोबल मार्केट पे तगड़ा असर डाला है। जहां सबसे ज्यादा अगर कुछ प्रभावित हुआ है तो वो है दुनिया भर में तेल और गैस की कीमतें। इसी बीच भारत के लिए एक ऐसी खबर सामने आई है जो भारत के लिए इस वैश्विक संकट में राहत की खबर हो सकती है। खबर यह है कि भारत के लिए रूस 40% की छूट के साथ एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस ऑफर कर रहा है और आज के इस वीडियो में हम जानेंगे रूस के इसी बड़े ऑफर को डिटेल में। दरअसल, मिडिल ईस्ट के तनाव और दुनिया भर में गहराते हुए ऊर्जा संकट के बीच रूस ने एक ऐसा दांव चला जिसने वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में ही हलचल मचा दी। खबर यह है कि रूस भारत समेत दक्षिण एशियाई देशों को अपने एलएनजी को 40% तक के सस्ते दाम पर देने को तैयार है। यह ऑफर ऐसे समय में आया है जब गैस की कीमतें लगातार तेजी से बढ़ रही हैं और कई देशों को सप्लाई की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस जिन एलएनजी शिपमेंट को इसके तहत पेश कर रहा है वो उसके उन प्रोजेक्ट से आता है जिन पर अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध लगाए गए हैं। इन प्रोजेक्ट्स में आर्कटिक एलएजी 2 और पोटोविया जैसे बड़े प्लांट शामिल है। जहां इन गैस शिपमेंट्स को सीधे रूस के बजाय चीन और रूस की कुछ कंपनियों के जरिए ऑफर किया जा रहा है।

इतना ही नहीं इन शिपमेंट्स के कागजों में यह भी दिखाया जा सकता है कि गैस ओमान या नाइजीरिया जैसे देशों से आई है जिससे इसके असली स्त्रोत को छुपाया जा सके और अमेरिका के लगाए गए प्रतिबंधों से बचा जा सके। यानी कि इस गैस की शिपमेंट में ऐसे कागज तैयार किए जाएंगे जिसमें रूस का नाम ही नहीं होगा। अब बात करते हैं कि आखिर रूस इतनी छूट पर क्यों अपने गैस को बेचना चाहता है? तो इसका सीधा जवाब यह है कि रूस इतनी बड़ी छूट इसलिए दे रहा है क्योंकि उस पर लगे हुए हैं प्रतिबंध और इन प्रतिबंधों के कारण उसे खरीदार ढूंढने में मुश्किल हो रही है। इसके अलावा हाल ही में रूस ने एलएनजी का उत्पादन भी बढ़ाया है लेकिन उसको इस वक्त पर्याप्त मात्रा में खरीदार नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में रूस अपनी गैस को सस्ती कीमतों पर नए बाजार में बेचना चाहता है। खास करके एशिया में जहां ऊर्जा की मांग इस वक्त तेजी से बढ़ी हुई है। भारत और बांग्लादेश और साथ ही में कई दक्षिण एशियाई देश हैं जहां इस समय रूस की नजर टिकी हुई है। जिनकी ऊर्जा मांग इस समय बहुत ज्यादा हाई है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध ने इस स्थिति को और भी ज्यादा गंभीर बना दिया। जहां पर खास करके स्टेट ऑफ हॉर्मोस को लेकर जो तनाव बना उसकी वजह से एलएनजी के दाम बढ़ गए। कतर के बड़े एलएनजी प्लांट्स पर हमलों के कारण वैश्विक सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई। कतर से गैस की सप्लाई लगभग रुक सी गई है। जिससे भारत और बांग्लादेश जैसे देशों को महंगे विकल्प की ओर जाना पड़ा है। बांग्लादेश जो अपनी 60% एलएनजी कतर से लेता था अब स्पॉट मार्केट से दोगुनी कीमतों पर गैस खरीदने को मजबूर हो गया है। वहीं अगर हम बात करें भारत की तो भारत भी कतर से भारी मात्रा में नेचुरल गैस की खरीद करता है। और इसके साथ ही यूएई और सऊदी जैसे देशों से भी भारत गैस खरीदता है। लेकिन जब से हॉर्मोनस को लेकर तनाव बढ़ा है। सप्लाई चेन में भारी दिक्कत आई है और भारत को कहीं और ऑप्शन देखने पड़ रहे हैं। ऐसे में रूस की तरफ से 40% छूट में बिक रहा यह तेल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

लेकिन इसको लेकर भारत के सामने एक बड़ी दुविधा भी है। एक तरफ उसे सस्ते दाम पर गैस का विकल्प तो मिल रहा है जिससे भारत की ऊर्जा लागत कम हो सकती है और उद्योगों को भारी राहत मिल सकती है। दूसरी तरफ यह गैस अमेरिकी प्रतिबंधों वाले प्रोजेक्ट से आ रही है। जिससे भारत अमेरिकी संबंध पर असर पड़ सकता है। अब तक भारत ने ऐसे किसी भी प्रतिबंधित प्लांट से गैस खरीदने को मना कर रखा है ना ही भारत खरीद करता है। फिलहाल चीन ही एक ऐसा देश है जो रूस से इस तरह की प्रतिबंधित एलएजी को खरीद रहा है और वह भी गुप्त जहाजों के नेटवर्क के जरिए। अगर भारत भी इस रास्ते पर चलता है तो एशिया में रूस की पकड़ और भी ज्यादा मजबूत हो जाएगी और वैश्विक ऊर्जा संतुलन बदल सकता है। कुल मिलाकर रूस का यह कदम एक बड़ा रणनीतिक दांव है। यह भारत के लिए एक तरफ सस्ता और फायदेमंद विकल्प हो सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ एक जोखिम भरा फैसला भी है क्योंकि रूस के ऊपर अमेरिका का प्रतिबंध लगा हुआ है और भारत अगर वहां से खरीदता है तो भारत पर भी कुछ प्रतिबंध आ सकते हैं। अब देखना यह होगा कि भारत इस ऑफर को कैसे लेता है और आगे क्या कदम उठाता है।

# पाकिस्तान पर एक साथ टूट पड़े 4 देशों के लाखों लोग, भारत पर हुआ ऐलान!



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** पर अचानक एक साथ अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान और इजराइल के लोग टूट पड़े हैं। यह खबर इतनी बड़ी और हैरान करने वाली है कि इस वीडियो की एक-एक बात सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान और इजराइल के लोगों ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान को खत्म करने की बातें तक शुरू कर दी हैं। चार देशों के लोगों का एक साथ पाकिस्तान पर टूट पड़ना कोई सामान्य घटना नहीं है। ईरान के लोगों ने सोशल मीडिया पर यह लिखना शुरू कर दिया है कि कश्मीर पूरा का पूरा भारत का है। ईरानी लोग अखंड भारत के नक्शे पोस्ट कर रहे हैं। ब्रिटेन के एक ताकतवर नेता ने कहा है कि अब पाकिस्तान को भारत बनाने का समय आ गया है। इजराइल के लोग पाकिस्तान को जिहादी देश बोल रहे हैं। भारत में इजरायली राजदूत ने कहा है कि पाकिस्तान एक मक्कार देश है। इसी के साथ अमेरिकी लोगों ने कहा है कि पाकिस्तान हमारा दोस्त नहीं है। हमें पाकिस्तानी लोगों को अमेरिका से भगाना होगा।

बहरहाल अब आपको बताते हैं कि चार देशों के लोग पाकिस्तान पर क्यों टूट पड़े हैं। दरअसल डॉनल्ड ट्रंप के दिए हुए मैसेज को पोस्ट करने के बाद शहबाज शरीफ ने ऐलान कर दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच हमने सीज फायर करवा दिया है। इसके बाद पाकिस्तान ने अपने चवन्नी छाप सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरर्स से कहा कि यह खबर पूरी दुनिया में फैलाओ कि पाकिस्तान ने सीज फायर करवाया है। मजे की बात देखिए कि इन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को जो मैसेज ट्वीट करने के लिए दिया गया, उसमें बस देश का नाम बदला गया। बाकी का मैसेज हूबहू वैसा ही था। जैसे कि एक पाकिस्तानी ने लिखा कि मैं कनाडा गया। मैंने इमीग्रेशन के लिए अपना पाकिस्तानी पासपोर्ट दिया तो वहां बैठे अधिकारी ने गर्मजशी से मुस्कुराते हुए मेरी तरफ देखा और कहा कि आप तो ग्लोबल पीस मेकर हैं। हमें आप पर गर्व है। बताइए कनाडा का कोई इमीग्रेशन ऑफिसर पाकिस्तानी को ऐसा क्यों बोलेगा? ऐसा हो ही नहीं सकता क्योंकि यह सब कुछ झूठ था। दूसरे पाकिस्तानी ने लिखा कि मैं दुबई एयरपोर्ट पहुंचा। तीसरे ने लिखा कि मैं जर्मनी पहुंचा। चौथा लग्जमबर्ग पहुंच गया। पांचवें ने बोला कि तुर्की में भी मेरे साथ कुछ ऐसा हुआ। सब पाकिस्तानियों ने सिर्फ देश का नाम बदला और पूरा का पूरा मैसेज वही पेस्ट कर दिया। इस देश की जनता और इस देश का प्रधानमंत्री कॉपी पेस्ट पर जी रहे हैं।

बहरहाल इसी के बाद असली खेल हो गया। पाकिस्तान ने दुनिया में यह खबर तो फैला दी कि हमने सीज फायर करवाया है। लेकिन इजराइल और अमेरिका ने सीज फायर के बाद ही ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह पर हमले कर दिए। पलटवार में ईरान ने सऊदी अरब, कतर, बहरीन और कुवैत पर हमला कर दिया। यानी एक ही दिन में सीज फायर की बत्ती बन गई। ऐसे में ईरान, इजराइल, ट्रंप से नफरत करने वाले अमेरिकी और ब्रिटिश लोगों ने पाकिस्तान को गालियां देनी शुरू कर दी। दावों को माने तो ईरान के लोग बोल रहे हैं कि पाकिस्तान धोखेबाज है। अब तो हम भी कहेंगे कि कश्मीर पूरा का पूरा भारत का है।

# नाटो केपूर्व कमांडर रिचर्ड शेरेफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को "पागल" बताया

ईरान संकट का कड़ा विश्लेषण करते हुए, नाटो के पूर्व कमांडर रिचर्ड शेरेफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को "पागल" बताया और चेतावनी दी कि ईरान के साथ नाजुक युद्धविराम अस्थायी शांति प्रदान करता है, जिसे उन्होंने अमेरिका की वियतनाम के बाद की सबसे बड़ी रणनीतिक आपदा" कहा। पूर्व शीर्ष सेना अधिकारी और भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने कहा कि ट्रम्प द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किया गया युद्ध, जिसके बाद बुधवार को उन्होंने युद्धविराम स्वीकार किया, निरर्थकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण" था, जो वाशिंगटन के किसी भी घोषित उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल रहा। शेरेफ ने कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रम्प से तर्कसंगत सोच की उम्मीद नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि वह विक्षिप्त हैं। 2011 से 2014 तक नाटो के उप सर्वोच्च सहयोगी कमांडर यूरोप (डीएसएसीईयूआर) थे, जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है।

# चीफ नईम कासिम का करीबी सहयोगी ढेर



**इजराइल**

**इजराइल** को दावा किया कि लेबनान के बेरूत में किए गए भीषण हवाई हमलों में उसकी सेना ने हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम के भतीजे और एक करीबी सहयोगी को मार गिराया। यह घोषणा एक पोस्ट में की गई। आईडीएफ के पोस्ट में लिखा है बेरूत में हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव अली यूसुफ हर्षी एलिमिनेटेड। एक करीबी सहयोगी और निजी सलाहकार, हर्षी ने कासिम के कार्यालय के प्रबंधन और सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खारशी, हिज्बुल्लाह के महासचिव नईम कासिम के करीबी सहयोगी और निजी सलाहकार थे और उनके कार्यालय के प्रबंधन और सुरक्षा की देखरेख में उनकी अहम भूमिका थी। आईडीएफ ने कहा कि उसने लेबनान के उत्तरी लिटानी से दक्षिणी लिटानी तक हिज्बुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दो प्रमुख चौराहों पर हमला किया, जहां से वे हजारों हथियार, रॉकेट और लॉन्चर ले जाते थे। इसके अलावा, दक्षिणी लेबनान में इजराइल ने हिज्बुल्लाह के लगभग 10 हथियार भंडारण केंद्रों, लॉन्चरों और मुख्यालयों पर भी हमला किया।

इन हमलों के दौरान इजराइल ने हिज्बुल्लाह के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक का संचालन किया, जिसमें बेरूत और लेबनान के अन्य हिस्सों में स्थित ठिकानों को निशाना बनाया गया। अकेले बुधवार को ही इन हवाई हमलों में 182 लोग मारे गए और 800 से अधिक घायल हो गए। इजराइल ने बेरूत, दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी में हिज्बुल्लाह नेताओं को निशाना बनाते हुए एक समन्वित अभियान में 10 मिनट के भीतर लगभग 100 मिसाइलें दागीं।

# होर्मुज में ईरान ने बिछाईं बारूदी सुरंगें?



**ईरान**

**ईरान** ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नेविगेशन संबंधी निर्देश जारी किए हैं, जिनका उद्देश्य जहाजों को समुद्री बारूदी सुरंगों के खतरे से बचाना है। नए नक्शे महत्वपूर्ण जलमार्ग में निर्दिष्ट मार्गों के माध्यम से जहाजों के आवागमन को निर्देशित करते हैं, जिससे होकर दुनिया के तेल की आपूर्ति का पांचवां हिस्सा गुजरता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है या नहीं। कल रात आई खबरों के अनुसार, ईरान ने लेबनान पर इजरायल के हमलों के विरोध में इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को बंद कर दिया है, जिसे तेहरान अमेरिका के साथ हुए युद्धविराम समझौते का उल्लंघन मानता है।

होर्मुज जलडमरूमध्य का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग ह्यट्रैफिक सेपरेशन स्कीमह्ल पर फारसी में खतरे का क्षेत्र अंकित करते हुए एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा कथित तौर पर बारूदी सुरंगें बिछाई गईं। चार्ट के अनुसार, पोतों को लारक द्वीप के निकट ईरान की मुख्यभूमि के करीब उत्तरी मार्ग से गुजरने का सुझाव दिया गया जिसका युद्ध के दौरान कुछ पोतों ने पालन भी किया। इस चार्ट में 28 फरवरी से लेकर बृहस्पतिवार (नौ अप्रैल) तक की अवधि दिखाई गई है। यह स्पष्ट नहीं है कि रिवोल्यूशनरी गार्ड ने उक्त मार्ग में बिछाई गई कथित सुरंगों को हटाया है या नहीं।

# शांति की पहल के नाम पर खड़ा किया भ्रम का तूफान



**पाकिस्तान**

**ईरान** अमेरिका संघर्षविराम पर पाकिस्तान का कूटनीतिक खेल अब उसके गले की फांस बन चुका है। जिस समझौते को शांति की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा था, वह चौबीस घंटे के भीतर ही भ्रम, विरोधाभास और अविश्वास का प्रतीक बन गया। और इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में है पाकिस्तान, जिसने अपनी भूमिका को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश में न केवल खुद को हास्यास्पद स्थिति में ला खड़ा किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को नई अनिश्चितता में धकेल दिया।

संघर्षविराम की घोषणा के तुरंत बाद ही यह साफ हो गया कि अमेरिका और ईरान के बीच जो सहमति बनी, उसकी व्याख्या दोनों पक्ष अलग अलग तरीके से कर रहे हैं। अमेरिका साफ कह रहा है कि यह समझौता केवल ईरान तक सीमित है, जबकि पाकिस्तान ने इसे लेबनान समेत पूरे क्षेत्र में लागू होने वाला व्यापक संघर्षविराम बता दिया। यही वह बिंदु है जहां से पूरे विवाद की शुरूआत होती है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा था ही नहीं। उनका कहना है कि ईरान ने गलतफहमी पाल ली है, जबकि अमेरिका ने कभी ऐसा वादा किया ही नहीं। उन्होंने ईरान के प्रस्तावों को लगभग मजाक करार देते हुए उन्हें गंभीरता से लेने से इंकार कर दिया। यह बयान इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत की वास्तविकता और सार्वजनिक दावों में जमीन आसमान का अंतर है।

# अमेरिका और ईरान के बीच पिटा पाकिस्तान, अब इजरायल करेगा हमला




**अमेरिका**

**सीजफायर** जिसे शांति बताया गया वो निकला सबसे बड़ा झूठ। एक तरफ सीज फायर का ऐलान लेकिन दूसरी तरफ धमाके, मिसाइलें और सैकड़ों मौतें और अब इस्लामाबाद की मीटिंग भी टल गई है। सबसे पहले बात करते हैं सीज फायर की सच्चाई की। जिस शांति का दावा किया गया। दरअसल वह शुरू से ही पहले ही खत्म हो चुकी थी। क्योंकि ईरान में धमाके हुए। ऑयल रिफाइनरी पर ब्लास्ट हुआ। सीरी आइलैंड पर विस्फोट हुआ और फिर परमाणु ठिकानों के आसपास भी धमाके हुए। यानी साफ है कि सीज फायर सिर्फ घोषणा थी। सिर्फ झूठ था। जमीन पर जंग जारी थी। फिर सऊदी अरब में भी हमले हुए जहां ईस्ट वेस्ट ऑयल पाइपलाइन पर ड्रोन अटैक किए गए। तीसरे हमले की खबरें जो सामने आई वो इजराइल से आई। यहां पर बता दें कि मिसाइलें बरसी और फिर लेबनान से भी धमाकों की खबरें सामने आई। जहां एक ही रात में 250 से 300 से ज्यादा लोग मारे गए। यह कोई सीज फायर नहीं। यह ओपन वॉर है। सबसे बड़ा सवाल पाकिस्तान ने यह दावा किया था कि लेबनान भी सीज फायर का हिस्सा होगा। लेकिन इजराइल ने साफ कहा कि लेबनान इस डील में था ही नहीं। और अमेरिका ने भी यही कहा। तो फिर आखिरकार पाकिस्तान ने झूठ क्यों बोला? यहीं पर पूरा नैरेटिव टूट जाता है। और इसी वजह से इस्लामाबाद में 10 अप्रैल की मीटिंग जो है उसे पोस्टपोन कर दी गई। जिस डील पर बात होनी थी वो डील असल में थी ही नहीं। अब सुनिए सबसे बड़ा और खतरनाक एंगल। ट्रंप एक तरफ ईरान को धमका रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ अपने ही देश के मीडिया पर वो जमकर हमला बोल रहे हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स और दूसरे चैनल्स को वो फेक और लूजर तक कह दे रहे हैं। ट्रंप ने यह साफ लिखा है कि मीडिया हाउस ने ईरान के फर्जी 10 पॉइंट प्लान को फैलाया और बातचीत को बदनाम करने की यहां पर कोशिश की गई। लेकिन यहीं पर ट्रंप का दूसरा चेहरा भी सामने आता है। उन्होंने ये साफ कहा कि जब तक रियल एग्रीमेंट नहीं होता अमेरिकी सेना वहीं रहेगी। यानी कि सारे जहाज, सारे विमान और सारे हथियार सब कुछ ईरान के आसपास तैनात रहेंगे और अगर समझौता नहीं हुआ तो इतने खतरनाक हमले होंगे जो पहले कभी नहीं हुए। यानी सीज फायर की बात भी और जंक की धमकी भी। दोनों एक साथ चल रहे हैं। अब सुनिए जेडी वंस ने क्या कुछ कहा। उन्होंने तो सीधे-सीधे मजाक उड़ाया है।

जेडी वंस ने कहा है कि ईरान की शर्तें ऐसी लगती है जैसे चैट जीपीटी से लिखवाई गई हो। यानी अमेरिका इन शर्तों को गंभीरता से ले ही नहीं रहा और वाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलन ने यह साफ कहा है कि यह जो शर्तें हैं यह अनसीरियस है। यह बिल्कुल भी अनएक्सेप्टेबल है और इन्हें कूड़ेदान में फेंक देना चाहिए। अब यहां पर

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ट्रंप बोले- नाटो जरूरत पर साथ नहीं देता



**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम ने कूटनीति के लिए एक सीमित अवसर प्रदान किया है। अब वाशिंगटन अपने यूरोपीय सहयोगियों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने के लिए तेजी से कदम उठाने का दबाव डाल रहा है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित होने और कीमतों पर दबाव के चलते, डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल समर्थन की घोषणाएं अब पर्याप्त नहीं हैं। अमेरिका ने यूरोपीय साझेदारों से कुछ ही दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत योजना प्रस्तुत करने को कहा है। नाटो के एक प्रवक्ता ने रॉयटर्स को इसकी पुष्टि की। यह अनुरोध व्हाइट हाउस, पेंटागन और विदेश विभाग में उच्च स्तरीय चचाओं के दौरान उठाया गया, जिसमें ट्रंप की नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ हुई बैठक भी शामिल थी।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक तीखी टिप्पणी करते हुए नाटो और अन्य सहयोगियों पर निशाना साधा और कहा कि जब तक उन पर दबाव नहीं डाला जाता, वे मुद्दों को समझने में विफल रहते हैं। रॉयटर्स के अनुसार, मार्क रुट्टे ने कुछ राजधानियों को यह भी बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति अगले कुछ दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद के लिए ठोस प्रतिबद्धताएं चाहते हैं। यूरोपीय देशों, जापान और कनाडा सहित 40 से अधिक देशों के ब्रिटेन के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा था कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करेगा। यह मार्ग विश्व के लगभग पांचवें हिस्से के तेल और गैस का परिवहन करता है। लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी स्थिर नहीं है। 14 दिन के युद्धविराम की घोषणा के बाद भी लड़ाई पूरी तरह से नहीं रुकी है। ईरान ने लेबनान में इजरायल के लगातार हमलों को समझौते का उल्लंघन बताया है, और जलडमरूमध्य अभी भी काफी हद तक बंद है, सामान्य यातायात बहाल होने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं हैं। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा कि लेबनान और संपूर्ण प्रतिरोध धुरी, ईरान के सहयोगी होने के नाते, 10 सूत्री प्रस्ताव ढांचे के तहत युद्धविराम का अभिन्न अंग हैं।

वादे और वास्तविकता के बीच का यह अंतर वाशिंगटन की तत्परता को बढ़ा रहा है। अमेरिकी प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि यदि युद्धविराम कायम रहता है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू होने में कोई देरी न हो।

इस मुद्दे ने अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों के बीच मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। हाल के हफ्तों में, कई यूरोपीय देशों ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने से परहेज किया और होर्मुज में चल रही लड़ाई के दौरान हस्तक्षेप करने से हिचकिचाए। ट्रम्प ने इस रुख की खुले तौर पर आलोचना की है। नाटो प्रमुख मार्क रुट्टे से मुलाकात के बाद उन्होंने लिखा, "जब हमें नाटो की जरूरत थी, तब वे मौजूद नहीं थे, और अगर हमें फिर से उनकी जरूरत पड़ी, तो वे मौजूद नहीं होंगे।